- ऋग्वेद में नारियों के युद्ध में भागीदारी करने का भी उल्लेख प्राप्त होता है। नमुचि के आधिपत्य में अलग से स्त्रीसेना थी, जिसने इन्द्र से युद्ध भी किया था तथा युद्ध में विपश्ला की कटी टाँगों का लौह टाँग से अश्विनी कुमारों ने प्रत्यारोपण भी किया था। - आद्यादत्त ठाकुर "वेदों में भारतीय संस्कृति"।
- रामायणकाल में कैकेयी युद्ध-कौशल की धनी थी । एक बार देवराज इन्द्र का सम्बरासुर से युद्ध हो गया तब राजा दशरथ के साथ कैकेयी भी सहायता के लिये गयी थी और दो अवसरों पर राजा दशरथ के प्राणों की रक्षा की थी।
- विष्णु पुराण में चित्रलेखा का उल्लेख है,जो कुशल चित्रकार थी तथा अनेक देवों तथा गन्धर्वों के चित्र बनाए थे। इस प्रकार स्त्रियाँ भी चित्रकला में सिद्धहस्त थीं।
- ब्रह्मवादिनी अपाला कृषिकर्म निष्णात्, नृत्य विशारद, गौ दुहने में तथा परिधान-निर्माण में सिद्धहस्त थी।
- वैदिक स्त्रियाँ मोक्ष की अधिकारी थीं । गार्गी द्वारा "ब्रह्मचर्य आश्रम" में, चूडाला द्वारा "गृहस्थाश्रम" में, मैत्रेयी द्वारा "वानप्रस्थाश्रम" में तथा सुलभयोगिनी द्वारा "संन्यासाश्रम" में मोक्ष प्राप्त किया गया।

## वैदिक काल में सती-प्रथा का अभाव

वैदिक-काल में पति की मृत्यु होने पर स्त्री का चिताग्नि में जलने का उदाहरण अप्राप्य है। तत्कालीन समय में 'सत्त्वगुण' प्रधान स्त्री को सती कहा जाता

1. अथर्ववेद ७/३८/४
2. शुक्लयजुर्वेद २२/२२
3. ऋग्वेद - १०/८५

था। स्मृतिकाल में ब्रह्मवैवर्तपुराण में कहा गया है-

**पृथिव्यां यानि तीर्थानि सती पादेषु तान्यपि**
**तेजश्च सर्वदेवानां मुनीनां च सतीसु वै**
**सतीनां पादरजसा सद्यः पूता वसुन्धरा ।**

वस्तुतः पृथिवी पर जितने भी तीर्थ हैं, वे सभी सती नारी के चरण में वास करते हैं। यहाँ तक कि सम्पूर्ण देवताओं तथा मुनियों का तेज भी उनमें स्वभावतः विद्यमान रहता है। सती नारियों के चरणरज से पृथिवी भी पवित्र हो जाती है।

**पर्दा-प्रथा का अभाव**

स्त्रियाँ पुरुषों से पर्दा नहीं करती थी तथा उन्हें अकेले घूमने से भी नहीं रोका जाता था। सूर्या के विवाह के अवसर पर वधू को देखने के लिये सभी को आमन्त्रित किया जाता है-

**सूर्यायाः पश्य रूपाणि।**[1]

अपाला नदी में स्नान के लिये एवं इन्द्र की खोज में अकेले ही निकल पड़ती है। घोषा स्थान-स्थान पर अश्विनी देवों का गुणगान करती है। जुहू तप के लिये अज्ञातवास में चली जाती है। इन्द्राणी मरुतों को अपना सखा बताती है। इससे स्पष्ट है कि ऋग्वैदिक युग में पर्दा-प्रथा नहीं थी एवं स्त्री-पुरुषों की परस्पर मैत्री या सख्य पर कोई सामाजिक बन्धन नहीं था। परन्तु तत्कालीन स्त्रियाँ स्वतन्त्र होते हुए भी नैतिक मर्यादाओं एवं अनुशासन का अपने जीवन में पालन करती थीं और उसके आचरण का समाज पर क्या प्रभाव पड़ेगा इसका वह सतत ध्यान रखती थीं। वह स्वतन्त्र थी, परन्तु स्वच्छन्द नहीं। वह शिक्षिता थी, परन्तु अमर्यादित नहीं। वह उपभोगवादी न होकर त्यागवादी प्रवृत्ति की थी। स्वसुख के स्थान पर परसुख में आनन्द का अनुभव करती थी।

फिर ऐसी कौनसी विडम्बना काल-क्रम से आ गयी जिसके कारण भारतीय नारी के प्रति समाज का दृष्टिकोण बदल गया । वह महती स्त्री जिसको देवी के रुप में पूजा जाता था एवं शक्ति के रूप में "या देवी सर्वभूतेषु" कह कर जिसकी उपासना की जाती थी, उसका स्वरूप क्यों परिवर्तित हो गया। इसके लिए हमें भारत के इतिहास में झांकना होगा।

हम देखते हैं कि वेदों, रामायण, महाभारत किसी में भी किसी भी स्त्री का "बलात्कार" होने का प्रसङ्ग प्राप्त नहीं होता है। राम ने लंका पर विजय प्राप्त की पर न ही उन्होंने और न किसी सेना ने पराजित लंका की स्त्रियों को स्पर्श किया। महाभारत में पांडवों की जीत हुई, लाखों कौरव मारे गये, उनकी स्त्रियाँ विधवा हुई

1. ऋग्वेद - १०/८५/३५

पर किसी भी पांडव सैनिक ने किसी भी कौरव सेना की विधवा स्त्रियों को स्पर्श तक नहीं किया। पुनः कालक्रम में ऐसा क्या हुआ कि इसी भारत में स्त्रियों की इतनी दयनीय स्थिति हो गयी, उनके साथ दुराचार होने लगे? क्या किसी अन्य संस्कृति के विचार एवं दर्शन का तो प्रभाव नहीं है?

इस विचारधारा के मूल में रेने डेकार्ट, न्यूटन, कॉपरनिकस, गैलिलियो तथा फ्रांसिस बेकन आदि के विचार थे। पाश्चात्य दार्शनिक एवं गणितज्ञ रेने डेकार्ट द्वारा प्रदत्त दार्शनिक सिद्धान्त Mind-Matter Dualism को शास्त्रीय भौतिकी (Classical Physics) के प्रणेता न्यूटन के द्वारा स्वीकार किया गया एवं यही सिद्धान्त न्यूटन प्रदत्त विज्ञान के नियमों की आधारशिला बना । सर्वथा एकाङ्गी होने पर भी प्रयोगात्मक परीक्षण के आधार पर स्थापित यह विज्ञान जनमानस में व्याप्त हो गया। एकाङ्गिकता से तात्पर्य यह है कि न्यूटन प्रदत्त विज्ञान केवल मानव-केन्द्रित (Human - Centric) था एवं पृथिवी पर स्थित समस्त प्राकृतिक संसाधनों एवं प्रकृति को उपभोग्य वस्तु मानकर उसे केवल मानव के उपभोग हेतु समझा। इस विषय में फ्रांसिस बेकन के विचार द्रष्टव्य हैं -

Nature has to be 'hounded in her wanderings', wrote Bacon, 'bound into service' and made a 'slave'. She is to be 'put in constraint' and the aim of the scientist is to 'torture nature's secrets from her'.[1]

इस उपभोगवादी सोच के परिणाम स्वरूप प्रकृति के स्त्री रूप का शोषण भी प्रारम्भ हुआ। पाश्चात्य जगत् में स्त्री के साथ किस प्रकार का व्यवहार होता था इसका स्पष्टीकरण फ्रिट्जाफ कापरा के शब्दों में देखा जा सकता है-

These violent images of nature as a female whose secrets have to be tortured from her with the help of mechanical devices is strongly suggestive of the torture of women in the witch trials of the seventeenth century, which were very familiar to Bacon, who was attorney general for King James I.[2]

एक अन्य विषय यह है कि रेने डेकार्ट एवं न्यूटन का चिन्तन व्यक्तिवाद पर आधारित होने के कारण समस्त विश्व में व्यक्ति प्रधान हो गया एवं समाजशास्त्रियों द्वारा भी व्यक्ति विशेष का विश्लेषण प्रारम्भ कर दिया गया। अतएव व्यक्ति-समाज से एक पृथक् ईकाई के रूप में गिना जाने लगा। व्यक्ति प्रधान होने से वह स्वार्थपरक एवं स्वलाभ की अपेक्षा से परिपूर्ण हो गया एवं समाज-हित, देश-हित एवं विश्व-हित गौण होता चला गया। व्यक्तिपरक सीमित सोच का परिणाम ही वर्तमान में व्याप्त

1. Capra, Fritjof, 1991, Tao of Physics, Flamingo, London, pp. 368
2. Capra, Fritjof, 1991, Tao of Physics, Flamingo, London, pp. 368

समस्याओं का मूल कारण है वह समस्या चाहे स्त्री-विषयक हो अथवा अन्य।

न्यूटन के व्यक्तिपरक एवं एकांगी दृष्टिकोण की आलोचना करते हुए अंग्रेज Romantic Poet William Blake ने कहा है-

**"May God us keep**
**From single vision and Newton's sleep."**[1]

पाश्चात्य सभ्यता एवं संस्कृति से प्रभावित भारत का शिक्षित समाज पाश्चात्य विद्वानों फ्रायड, वेबर, बेकन, कॉलमार्क्स, न्यूटन आदि विद्वानों से तो परिचित हो गया तथा साथ ही उनके द्वारा प्रदत्त सिद्धान्तों को विश्वव्यापी एवं सर्वमान्य सिद्धान्त समझकर उसे आत्मसात् कर लिया, किन्तु भारतीय ज्ञान के मूल स्रोत - वेद, रामायण, महाभारत, पुराण, स्मृति-ग्रन्थों में निहित ज्ञान से दूर होता गया। पाश्चात्य-दर्शन जिसके मूल में उपभोगवाद, द्वैतवाद एवं व्यष्टिपरक सोच थी के आत्मसातकरण के परिणामस्वरूप भारतवर्ष के लोगों में उपभोगवादी प्रवृत्ति का बीजाङ्कुर हो गया एवं मनुष्य ने प्रकृतिस्वरूपा स्त्री को भी अपनी उपभोग की वस्तु समझकर उसका शोषण एवं दोहन प्रारम्भ कर दिया जिसके परिणामस्वरूप सामाजिक समस्याओं ने जन्म ले लिया।

पुनः एक नूतन प्रश्न उपस्थित होता है कि क्या कठोर नियमों से समस्याओं का समाधान सम्भव है तो प्रत्युत्तर प्राप्त होता है कि आंशिक किन्तु पूर्णतः सम्भव नहीं है क्योंकि समस्या का मूल तो विचार है जब तक विचार में परिवर्तन नहीं होगा तब तक समस्या का समाधान सम्भव नहीं है। वैशेषिक दर्शन के विद्वान्, तर्कसंग्रहकार अन्नंभट्ट ने ज्ञान को परिभाषित करते हुए कहा है- "सर्वव्यवहारहेतुर्बुद्धिर्ज्ञानम्" अर्थात् सभी प्रकार के व्यवहार का हेतु ज्ञान है। (Knowledge prompts your behaviour) अतएव मनुष्य का जैसा ज्ञान होता है तदनुरूप उसका व्यवहार होता है। यही कारण है कि पाश्चात्य ज्ञान में पारङ्गत मनुष्य का व्यवहार (आचरण) तद्वत् हो गया।

अतएव हमें भारतवर्ष की शिक्षा-पद्धति को पुनः नवीन प्रारूप देने की आवश्यकता है। हमारी शिक्षा-पद्धति के प्रारूप में वैदिक ज्ञान को मूल में रखने की आवश्यकता है तभी भारतवर्ष का प्रत्येक नागरिक "तेन त्यक्तेन भुञ्जीथाः" के सिद्धान्त को व्यवहार में उतार सकता है और यही एक सिद्धान्त है जिसके द्वारा मानव-समाज एवं समाज की धुरी स्त्री के अस्तित्व एवं अस्मिता को सुरक्षित रखा जा सकता है।

* * *

---

1. Capra Fritjof, The Web of Life (Page No. - 21)

UGC- CARE Listed
**अक्टूबर-दिसम्बर, 2020**

**शोधप्रथा**
वर्ष : 45, चतुर्थोऽङ्कः

# मेघदूत का वैज्ञानिक पक्ष

**डॉ. राम विनय सिंह***

मेघदूत की प्रासंगिकता संस्कृत साहित्य में एक गीतिकाव्य के रूप में विशेषतः रही है। महाकवि की प्रखर प्रज्ञा का पूत प्रसाद यह 'मेघदूत' संदेशकाव्य या दूतकाव्य की परम्परा का प्रथम काव्य है। मन्दाक्रान्ता की मन्थर गति, छन्दोयोजना का छलछलाता प्रवाह, अलंकारों की झनझनाहट और रसों के मधुर उन्माद के साथ ही तत्कालीन सामाजिक राजनैतिक और आर्थिक परिदृश्य मेघदूत की पहचान है। इन तथ्यों के अतिरिक्त भी कुछ तत्त्व इसमें निहित हैं जिनपर सम्भवतः अन्वेषकों की दृष्टि नहीं पड़ी है और उनका ही एक पहलू है – **'मेघदूत का वैज्ञानिक पक्ष'**।

महाकवि कालिदास के काल में भी विज्ञान का प्रचार था और आज के विज्ञान से कहीं अधिक सूक्ष्मता थी तब ! मेघदूत में प्रयुक्त वैज्ञानिक तथ्यों को देखने पर पता चलता है कि जो वैज्ञानिक सिद्धान्त अद्यतन काल में प्रतिपादित किये गये, वे आज से लगभग 2000 वर्ष पहले प्रतिपादित किये जा चुके थे। भारतीय मनीषा के महर्षियों ने अपनी सूक्ष्मदृष्टि से विज्ञान के जिन-जिन स्वरूपों को उद्धृत कर दिया उन्हें ही हमारा भौतिक विज्ञान आज खोजकर गौरवान्वित हो रहा है। इसका श्रेय तो दर-असल हमारे आर्षचक्षु महर्षियों को मिलना चाहिए। वेदों से होकर प्राच्यकाल के अनेकानेक ग्रन्थों में विज्ञान की चीजें भरी पड़ी हैं। स्पष्ट उद्घोषणा भी है कि 'सर्व वेदात् प्रसिद्धयति।' नालन्दा और तक्षशिला के पुस्तकालयों से संस्कृत के आर्षग्रन्थ आहृतकर जापान-जर्मनी ने अप्रत्याशित तरक्की की जिसे देखकर दुनिया एक बार चौंक उठती है। कई वर्षों तक वेदों की ऋचाओं पर शोधकर उनके सही अर्थ और प्रयोगादि को जानकर उन्होंने अपने अनुरूप नई तकनीक विकसित की। यदि संस्कृत साहित्य में वैज्ञानिकता का पूर्व नियोजन नहीं होता तो आधुनिक काल में आविष्कृत कम्प्यूटर सदृश यन्त्र के लिए यह सर्वोत्तम भाषा सिद्ध न हो पाती। अंक को शब्द और शब्द को अंकों में व्यक्त करने के लिए इसके समान वैज्ञानिक भाषा दुनियाभर में दूसरी कोई नहीं है। इस वैज्ञानिकता के परिप्रेक्ष्य में जब हम देखते हैं तो पाते हैं

*एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, डी.ए.वी. (पी.जी.) कॉलेज, देहरादून

कि विश्वकवि कालिदास भी विज्ञानवेत्ता थे। वे कवि के साथ वैज्ञानिक भी थे। साथ ही वे पहले कवि थे फिर वैज्ञानिक। यही कारण है कि उनके विज्ञान-प्रयोग कहीं भी प्रयासजन्य नहीं हैं। भाव-प्रवाह में वे तथ्य यदा कदा प्रकट हो गये हैं, जिनसे हमें उनके विज्ञान-ज्ञान का परिचय प्राप्त होता है। मेघदूत में प्रिया वियुक्त नायक यक्ष की विरह गाथा को प्रधानता देते हुए महाकवि ने बादल के द्वारा संदेश भेजने की नवीन कल्पना कर साहित्य में एक नया चमत्कार तो उत्पन्न किया ही, बादल के माध्यम से जीवन के सूक्ष्मातिसूक्ष्म पहलुओं एवं आन्तरिक संवेदना के साथ मनोविज्ञान का प्रतिपादन भी किया है। समाज की तमाम अवस्थाओं एवं परिस्थितियों का चित्रण यहाँ बादल द्वारा रूपायित हुआ है। भौतिक विज्ञान (Physics) का संपुटन इन प्राकृत प्रसंगों में ही होता रहा है।

प्रथमतः जब यक्ष अपनी प्रिया को संदेश भेजना चाहता है तो सामाजिक नियम के अनुरूप विविध विशेषणों से विभूषित कर वह बादल का प्रशंसा करता है और उसकी अनेक प्रकार से श्रेष्ठता सिद्ध करता है। इस प्रसंग में यक्ष के मुख से कालिदास ने बादल के निर्माण का सूक्ष्म विवेचन करवाया है। यूँ तो बादल की परिकल्पना तथा अन्वेषण का श्रेय आधुनिक काल में 1802 ई. और 1803 ई. में जे. लेमार्क (J. Lamark) तथा एल. हावर्ड (L. Haward) को प्राप्त हुआ तथापि इन विद्वानों ने बादल के सन्दर्भ में जो घोषणा की उसमें स्थूलता अधिक है। उन्होंने यही कहा कि बादल अंतरिक्ष में जलवाष्प के धूलकणों पर बैठने के कारण निर्मित होते हैं। अब हम कालिदास के संदर्भ में देखें तो हमें ज्यादा गहरा चिन्तन और सूक्ष्म विश्लेषण मालूम होता है। उन्होंने बादल के सभी घटकों को धुआँ, प्रकाश, जल तथा वायु के रूप में उद्घाटित किया है-

**धूमज्ज्योतिः सलिलमरुतां सन्निपातः क्व मेघः॥**[1]

साथ ही बादल के विभिन्न भेदों में बरसने वाले बादल के विषय में उन्होंने कहा कि पुष्कर और आवर्तक बादल प्रलयकालीन हैं जो घनघोर वर्षा करते हैं। लाजिमी भी है, क्योंकि प्रलयकाल में ताप बढ़ने से वाष्पण की दर बढ़ जाती है और बादल का निर्माण भी तेजी से होना शुरु हो जाता है। आधुनिक भौतिक विज्ञान इस प्रकार के बादल को 'कपासवर्षी बादल' (Comutonumtas Clouds) की संज्ञा देता है।

इसी प्रकार **जातं वंशे भुवनविदिते पुष्करावर्तकानां। जानामि त्वां प्रकृतिपुरुषं कामरूपं मघोनः॥**[2] से यह भी प्रतीत होता है कि कालिदास के समय

1. मेघदूतम्, महाकवि कालिदास, कालिदास-ग्रन्थावली-प्रो. रेवाप्रसाद द्विवेदी, श्लोक सं0-5
2. मेघदूतम्, महाकवि कालिदास, कालिदास-ग्रन्थावली-प्रो. रेवाप्रसाद द्विवेदी, श्लोक सं0-6

में बादल के सन्दर्भ में अनेक प्रकार के शोध किये जा चुके थे, जिससे यह प्रतीत हो चुक था कि किस प्रकार के बादल बरस सकते हैं और किस प्रकार के बादल नहीं। इससे बादल के भेदोपभेद की जानकारी मिलती है। ये पुष्कर और आवर्तक बादल ही कपासवर्षी बादल के पूर्व नाम हैं। साथ ही प्रलयकालीन वर्षा की बूँदें बड़ी तथा वेगवती होती हैं। मौसमविज्ञान के परीक्षण से भी यह सिद्ध हो चुका है, क्योंकि कपासवर्षी बादल की बूँदों का व्यास 5 mm होता है तथा वे 8.9 m/sec. (मी. प्रति से.) के अंतिम वेग (Terminal Velosity) से धरती पर गिरते हैं जो सामान्य से अत्यधिक है।

इतना ही नहीं, स्नेल-प्रतिपादित जो अपवर्तन-परावर्तन का सिद्धान्त विज्ञान की महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है वह श्लोक में कालिदास द्वारा प्रायोगिक तौर पर निबद्ध किया जा चुका है। **'बाह्योद्यानस्थितहरशिरश्चन्द्रिकाधौतहर्म्या'**[1] में यह सिद्धांत घटित होता है। उद्यान में विद्यमान शिवजी के सिर पर स्थित चन्द्रमा से भवन का दीपित होना तथा जनसामान्य द्वारा देखा जाना, एक ओर विज्ञान का उत्कर्ष है तो दूसरी ओर वास्तुकला का प्रकर्ष भी। जब चन्द्रमा की किरणें अलकापुरी के भवनों पर पड़ती हैं तो इस प्रकार चमकती हैं कि पूरा का पूरा महल दीप्त हो जाता है। यहाँ प्रकाश का परावर्तन हो रहा है। परावर्तन के फलस्वरूप अत्यधिक चमत्कार दीखने का मतलब है कि दीवार की बाहरी सतह अत्यन्त ही चमकीली रही होगी, जिसके कणों का अपवर्तनांक अपेक्षाकृत अधिक होगा और यह उसी स्थिति में सम्भव है जब वास्तुकला विज्ञान के आधार पर उसे भली-भाँति परखकर बनाया गया हो। ऐसा होने पर ही आपतित प्रकाश किरणों का अधिकांश भाग परावर्तित हो पायेगा और कम भाग अवशोषित हो पायेगा।

वैज्ञानिकता का विस्मयकारी स्वरूप तो तब दीखता है जब हम इन्द्रधनुष की परिकल्पना पर विचार करते हैं। इन्द्रधनुष की परिकल्पना न्यूटन के समय में 1666 ई. में वर्णविक्षेपण (Spectrum) के सिद्धान्त पर प्रतिपादित की गई जबकि इसे कालिदास ने ईसा से पूर्व निर्देशित कर दिया था।

आधुनिक भौतिक विज्ञान (Modern Physics) के अनुसार विभिन्नवर्णीय अवयवों में प्रकाश के बैठने की क्रिया ही प्रकाश का वर्ण विक्षेपण है तथा इससे प्राप्त रंगीन पटी ही स्पेक्ट्रम है। इस सिद्धान्त में हमें कोई नवीनता नहीं मिलती। इसे तो कालिदास के समकालिक वराहमिहिर ने ही अपनी 'वृहत्संहिता' में स्पष्ट कर दिया है-

**सूर्यस्य विविधा वर्णाः पवनेन विघट्टिताः साऽभ्रे।**
**वियति धनुः संस्थाना ये दृश्यन्ते तदिन्द्रधनुः।**

---

1. मेघदूतम्, महाकवि कालिदास, कालिदास-ग्रन्थावली-प्रो. रेवाप्रसाद द्विवेदी, श्लोक सं.-7

**केचिदनन्तकुलोरग्निः विश्वासोद् भूतमाहुराचार्याः॥**[1]

इस इन्द्रधनुष की परिकल्पना को ही महाकवि कालिदास ने अपनी कृति में साहित्यिक वेश पहनाकर खड़ा कर दिया है–

**रत्नच्छायाव्यतिकर इव प्रेक्ष्यमेतत्पुरस्ता-**
**द्वल्मीकाग्रात्प्रभवति धनुःखण्डमाखण्डलस्य।**
**येन श्यामं वपुरतितरां कांतिमापत्स्यते ते**
**बर्हेणेव स्फुरितरुचिना गोपवेषस्य विष्णोः॥**[2]

यहाँ **'रत्नच्छायाव्यतिकर इव'** से सूर्य के श्वेत प्रकाश में सात किरणों का होना स्पष्ट है जिसे VIBGYOR या **'बैनीआहपीनाला'** के रूप में जाना जाता है। इस श्लोक में महाकवि के उपमाप्रयोग की वैज्ञानिकता चमत्कारी एवं हृदयहारी है। ऋग्वेद में वर्णित सूर्य के सात रंग, सात प्रमुख रत्नों के सात रंग तथा सतरंगी मोरपंख के सात रंग उपमागर्भ तादात्म्य के साथ प्रिज्मिक डिस्पर्सन (Prizmic Dispersion) के भी नमूने हैं।

साथ ही श्लोक में निहित 'एतद् धनुःखण्डम् अतितराम् कांतिमापत्स्यते' सार्थक तब होगा जब तत्तद् रत्नों के तत्तद ग्रहों के तत्तद रंगों के क्रमविनियोजन में कोई व्यतिक्रम न हो, और यहाँ यह व्यतिक्रम नहीं है, क्योंकि लाल रंग के सूर्य के लाल रंग वाले रत्न माणिक्य और शनिग्रह के बैगनी रंग वाले रत्न नीलम की किरणों का क्रमशः सबसे कम तथा सबसे अधिक विचलन (Deviation) होता है। ऐसा होने पर ही इन्द्रधनुष निर्मित भी हो सकेगा। इस प्रकार इस श्लोक में इन्द्रधनुष के निर्माण का आधुनिक सिद्धान्त पूर्णतः घटित होता है। चूँकि वर्षा समाप्त होने पर सूर्य की ओर पीठ करके देखने पर जो संकेन्द्री वृत्तों के रंगीन चाप आकाश में दिखाई पड़ते हैं, उन्हें ही इन्द्रधनुष कहते हैं। इसमें दो प्रकार के इन्द्रधनुष होते हैं – 1. प्राथमिक और 2. द्वितीयक। द्वितीयक इन्द्रधनुष प्राथमिक से फीका होता है। उपर्युक्त श्लोक में प्राथमिक इन्द्रधनुष का वर्णन प्रतीत होता है। यहाँ इन्द्रधनुष के निर्माण के योग्य उपयुक्त स्थल भी हैं, क्योंकि ऐसी स्थिति तब उत्पन्न होगी जब एक ओर वर्षा की बूँदें गिर रही हों और दूसरी ओर सूर्य की किरणें आपतित हो रही हों। यह स्थिति प्रायः आषाढ़ माह में देखी जाती है, जिसका वर्णन कालिदास ने **'आषाढस्य प्रथमदिवसे'** तथा **'प्रत्यासन्ने नभसि'** कहकर किया है। अतः दोनों रूपों में कहीं भी व्यतिक्रम नहीं लगता। पानी की गिरती हुई बूँदों के उपरी भाग पर किरणों के आपतित होने से बूँदों के भीतर क्रमशः अपवर्तन, वर्ण-विक्षेपण तथा आन्तरिक परावर्तन की क्रियायें

1. बृहत्संहिता, वराहमिहिर, इन्द्रायुधलक्षणाध्याय, श्लोक सं.-1
2. मेघदूतम्, महाकवि कालिदास, कालिदास-ग्रन्थावली-प्रो. रेवाप्रसाद द्विवेदी, श्लोक सं.-15

होती हैं और इससे प्राथमिक इन्द्रधनुष उत्पन्न होता है। ऐसी ही क्रियायें जब गिरती हुई बूँदों के निचले भाग पर आपतित सूर्य की किरणों के साथ होती है तो द्वितीयक इन्द्रधानुष का निर्माण होता है।

इन निरूपणों से यह स्पष्ट होता है कि प्रथम इन्द्रधनुष के निर्माण में एक आन्तरिक परावर्तन तथा द्वितीय के निर्माण में दो आन्तरिक परावर्तन हुए हैं। अतः किरणों का अवशोषण प्रथम में अपेक्षाकृत कम होगा। इस कारण ही प्राथमिक इन्द्रधनुष से द्वितीयक इन्द्रधनुष फीका होता है। इस प्रकार इस इन्द्रधनुष की परिकल्पना का सैद्धान्तिक रूप हमें मेघदूत में ही प्राप्त हो जाता है। भौतिक विज्ञान के और भी ऐसे अनेक स्थल होंगे जहाँ महाकवि की लेखनी का संस्पर्श हुआ हो, किन्तु अन्वेषक उस स्थान पर न जा सके हों।

आयुर्वेदिक विज्ञान भी मेघदूत में अनेक स्थलों पर प्रत्यन्तर से प्रयुक्त है। **'तस्यास्तिक्तैर्वनगजमदैर्वासितं वान्तवृष्टिः'**[1] में अन्यार्थ के रूप में मल्लिनाथ ने आयुर्वेदिक स्वरूप का वर्णन किया है। आयुर्वेद के अनुसार वमन करने के अनन्तर कफ का शोषण करने के लिए लघु, कड़वा और चरपरा जल पीने से बल प्राप्त करने वाले पुरुष को वायु से कम्प नहीं होता है–

**कषायाश्चाहिमास्तस्य विशुद्धो श्लेष्मिणो हिताः।**
**किन्तु तिक्तकषाया वा ये निसर्गात् कफावहाः॥**
**कृतशुद्धेः क्रमात् पीतपेयादेः पथ्यभोजिनः।**
**वातादिभिर्न बाधा स्यादिन्द्रियैरिव योगिनः॥**

इसी प्रकार 'कमलामोदमैत्रीकषायः' में भी आयुर्वेद का सन्निवेश है। आज पर्यावरण के लिए सरकार की चिन्ता रेखा तथाकथित रूप से गाढ हो रही है और अनेकानेक प्रयास किये जाने की योजनायें बनती–बिगड़ती रहती हैं। यह विचारणीय है कि कालिदास के जमाने में भी जबकि जंगलों, पेड़–पौधों की पर्याप्तता थी, कल–कारखानों से दूषित वायुमण्डल का अभाव था, पर्यावरण का ख्याल रखा जाता था। आगामी भविष्य की शुभेषणाओं के लिए तत्कालीन बुद्धिजीवी जन निरन्तर प्रयासरत रहते थे। अगुरु के धुएँ से सप्तमंजिली इमारत को सुरक्षित करना इस पर्यावरण विज्ञान का ही परिचायक है। महाकवि ने प्रसङ्ग–क्रम में अलका के पवित्र वातावरण और विलास वैभव की प्रकृष्टता के साथ पर्यावरण विज्ञान का निर्देश किया है– **धूमोदगारानुकृतिनिपुणा जर्जरा निष्पतन्ति।**[2]

1. मेघदूतम्, महाकवि कालिदास, कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन पृ. सं.–20
2. मेघदूतम्, महाकवि कालिदास, कालिदास–ग्रन्थावली–प्रो. रेवाप्रसाद द्विवेदी, श्लोक सं0–68

सामुद्रिक विज्ञान भी मेघदूत का विवेच्य पक्ष है। कालिदास का एक शब्द भी व्यर्थ नहीं है। समस्त प्रयोग प्रयोजनमूलक हैं। **'तन्वी श्यामा शिखरि दशना पक्वबिम्बाधरोष्ठी'**[1] में 'शिखरिदशना' कहकर महाकवि ने अपने सामुद्रिक ज्ञान का परिचय दिया है, क्योंकि शिखरिदन्तों वाली स्त्री ऐश्वर्यशालिनी होती है और उसका पति दीर्घजीवी होता है-

**स्निग्धाः समानरूपाः सुपंक्तयः शिखरिण श्लिष्टाः**
**दन्ताः शिखरिणो यस्याः दीर्घ जीवति तत् प्रियः॥**

इस प्रकार के शुभ चित्रण यक्षपत्नी के लिए उचित भी हैं। विज्ञान का भौगोलिक स्वरूप भी मेघदूत की वैज्ञानिकता का महत्वपूर्ण पक्ष है, किन्तु इस पर भरपूर चिन्तन मनन हुए हैं, अतः मैंने इसे अपने लेख का मूल विषय नहीं बनाया, फिर भी इतना जरूर कहना चाहूँगा कि रामगिरि से अलकापुरी के लिए जो मार्ग कालिदास ने दर्शाये हैं वे श्रेष्ठ तथा लघिष्ठ हैं। इससे सरल कोई मार्ग नहीं हो सकता। थोड़ी सी वक्रता के लिए महाकवि ने उज्जयिनी-यात्र के सुफल को सामने लाकर खड़ा कर दिया है-

**वक्रः पन्था यदपि भवतः प्रस्थितस्योत्तराशां**
**सौधोत्सङ्गप्रणयविमुखो मा स्म भूरुज्जयिन्याः।**
**विद्युद्दामस्फुरितचकितैस्तत्र पौरांगनानां**
**लोलापांगैर्यदि न रमसे लोचनैर्वञ्चितोऽसि॥**[2]

निष्कर्षतः यही कहा जा सकता है कि महाकवि कालिदास रचित यह मेघदूत एक सार्वभौम, सार्वदेशिक और सार्वकालिक काव्य है जो अपनी साहित्यिक उत्कृष्टता के साथ विविध वैज्ञानिक विषयों के विनियोजन के लिए भी उपादेय है। संयोग वियोग के सभी भावात्मक पक्षों पर दृष्टिपात करते हुए मानव-मन के पारखी कालिदास ने मनोवैज्ञानिकता की जैसी प्रस्तुति की हैं, वह अन्यत्र दुर्लभ है, तभी तो किसी विद्वान् ने कहा है कि- **मेघे माघे गतं वयः॥**

* * *

1. मेघदूतम्, महाकवि कालिदास, कालिदास-ग्रन्थावली-प्रो. रेवाप्रसाद द्विवेदी, श्लोक सं0-80
2. मेघदूतम्, महाकवि कालिदास, कालिदास-ग्रन्थावली-प्रो. रेवाप्रसाद द्विवेदी, श्लोक सं0-27

UGC- CARE Listed
अक्टूबर-दिसम्बर, 2020

**शोधप्रभा**
वर्ष : 45, चतुर्थोऽङ्कः

# शांकरवेदान्त में क्रिया का दार्शनिक स्वरूप
## (चतुःसूत्री शांकरभाष्य के विशेष सन्दर्भ में)

**डॉ. कपिल गौतम***

वेद का मुख्य प्रतिपाद्य क्या है? भारतीय दर्शन परम्परा में यह जिज्ञासा का विषय रहा है। वेद के मुख्य प्रतिपाद्य की व्याख्या करने हेतु दो मुख्य सम्प्रदाय प्रवृत्त हुए हैं प्रथम है पूर्वमीमांसा जिसमें वेद के मुख्य विषय के रूप धर्म को प्रस्तुत किया गया है "अथातो धर्मजिज्ञासा" (धर्मसूत्र १/१/१) तथा दूसरा है वेदान्त जिसमें ब्रह्म को वेद के मुख्य विषय के रूप व्याख्यायित किया गया है- अथातो ब्रह्मजिज्ञासा (ब्रह्मसूत्र १/१/१)। शांकरवेदान्त में यह स्वीकार किया गया है पूर्वमीमांसा में धर्म विधिरूप है अर्थात् क्रिया के रूप में है । वेदान्त में ब्रह्म वस्तुस्वरूप अर्थात् ज्ञान के रूप में है। यह जो क्रिया है उसको शांकरवेदान्त में व्याकरणादि शास्त्रों से भिन्न रूप में दर्शन की दृष्टि से परिभाषित किया गया है।

एक दार्शनिक की दृष्टि से क्रिया का लक्षण क्या हो सकता है? यह क्रिया किस रूप में तथा कितने रूपों में वस्तु से सम्बद्ध है? यदि यह मोक्ष रूप वस्तु से असम्बद्ध है तो क्यों? इस तथ्य को आचार्य शंकर ने प्रारम्भिक चार ब्रह्मसूत्रों (अथातो ब्रह्मजिज्ञासा, जन्माद्यस्य यतः, शास्त्रयोनित्वात्, तत्तुसमन्वयात्) जिन्हें सम्मिलित रूप में चतुःसूत्री कहा जाता है, उन पर शांकरभाष्य में प्रकाशित किया है। आचार्य शंकर ने ज्ञान को वस्तुस्वरूप सापेक्ष तथा पुरुषव्यापारतन्त्र से रहित बताया है इसके विपरीत क्रिया को वस्तुस्वरूप निरपेक्ष तथा पुरुषव्यापारतन्त्रा के रूप में व्याख्यायित किया है। शांकरवेदान्त में क्रिया का चार रूपों में उत्पत्ति, विकृति, प्राप्ति तथा संस्कृति में दार्शनिक विश्लेषण किया गया कि अमुक क्रिया का स्वरूप है? वह किस तरह वस्तु से सम्बद्ध होती है? उसके क्या भेद है? तथा मोक्ष यदि वस्तु है तो उसमें क्रिया का प्रवेश क्यों निषिद्ध है? शांकरवेदान्त में क्रिया को धर्म के रूप में, कर्मकाण्ड के रूप

---

* सहायक-आचार्य, संस्कृत विभाग, मानविकी एवं समाजविज्ञान विद्यापीठ, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा, राजस्थान

में, विधि के रूप में, उपासना के रूप में तथा मानसिक व्यापार के रूप में परिभाषित एवं व्याख्यायित किया गया है, जिससे क्रिया ब्रह्मरूप ज्ञान के लिए साधन के रूप में प्रयुक्त हो सके। प्रस्तुत शोधपत्र में शांकरवेदान्त में क्रिया के दार्शनिक स्वरूप का सैद्धान्तिक विश्लेषण चतुःसूत्री शांकरभाष्य तथा वाचस्पति मिश्र कृत भामती, प्रकाशात्मयति कृति विवरण तथा गोविन्दानन्द यति कृति रत्नप्रभा इत्यादि टीकाओं के विशेष सन्दर्भ में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**मूल शब्द ( Key Words ) :** क्रिया, ज्ञान, विधि, अर्थवाद, कर्म, वस्तुस्वरूपसापेक्ष, मानसिक क्रिया, पुरुषव्यापारतन्त्र ।

## भूमिका

पूर्वमीमांसा का प्रतिपाद्य है धर्म जो क्रियारूप तथा विधिरूप है तथा वेदान्त का प्रतिपाद्य है ब्रह्म जो वस्तुरूप है। ब्रह्मभूत, वस्तुस्वरूप सापेक्ष तथा पुरुषव्यापारतन्त्र से रहित है तथा धर्म भव्य, जो वस्तुस्वरूप निरपेक्ष तथा पुरुषव्यापारतन्त्र है। धर्म, विधि, कर्मकाण्ड तथा उपासना आदि क्रियारूप हैं तथा ब्रह्म ज्ञानरूप है। पूर्वमीमांसा के अनुसार साध्य धर्म (क्रिया) है, जिसके अन्तर्गत ब्रह्म (ज्ञान) साधन के रूप में प्रतिष्ठापित किये जाने चाहिए। इसके विपरीत शांकरवेदान्त में धर्म, विधि, उपासना इन सभी क्रियाओं का ब्रह्म में बारम्बार निषेध किया गया है। ऐसा नहीं किया गया ये नितान्त अनुपयोगी है वरन् क्रिया ब्रह्मरूप ज्ञान के लिए साधन के रूप स्थापित हो सके। ब्रह्म के स्वरूप में नहीं अर्थात् ब्रह्म (ज्ञान) साध्य है और धर्म (क्रिया) साधन। इसलिए शांकरवेदान्त में क्रिया को कभी धर्म के रूप में, कभी कर्मकाण्ड के रूप में, कभी विधि के रूप में, कभी उपासना के रूप में तथा कभी मानसिक व्यापार के रूप में परिभाषित एवं व्याख्यायित किया गया है। शांकरवेदान्त में उत्पत्ति, विकृति, प्राप्ति तथा संस्कृति ये चार क्रिया के भिन्न रूप हैं, जिनका विश्लेषण भी शांकरवेदान्त में किया गया है। प्रस्तुत शोधपत्र में हम शांकरवेदान्त में व्याकरणादि शास्त्रों से भिन्न रूप में दर्शन की दृष्टि से क्रिया को चतुःसूत्री शांकरभाष्य के आलोक में परिभाषित, व्याख्यायित तथा विश्लेषित करने जा रहे हैं।

## क्रिया का लक्षण

व्याकरणादि शास्त्रों से भिन्न रूप में चतुःसूत्री शांकरभाष्य में दर्शन की दृष्टि से क्रिया का लक्षण प्रदान किया है? आचार्य शंकर ने चतुर्थ ब्रह्मसूत्र तत्तुसमन्वयात् (ब्रह्मसूत्र १/१/४) के भाष्य में बताया है कि ज्ञान तथा क्रिया के स्वरूप में भेद है को दर्शाया है और इसी प्रक्रम में उन्होंने क्रिया को परिभाषित किया है । क्रिया वह

प्रयत्न है जो वस्तुस्वरूपनिरपेक्ष है तथा पुरुषव्यापारतन्त्रत्व है। यहाँ क्रिया के लक्षण में क्रिया की दो प्रधान विशेषताएँ बतायी है–

1. **वस्तुस्वरूपनिरपेक्षत्व**– क्रिया उसको कहते हैं जिसका वस्तु के स्वरूप की अपेक्षा निरपेक्ष होती है अर्थात् जिसका विधान बिना वस्तु के स्वरूप की अपेक्षा के ही किया जाता है वह क्रिया कहलाती है– **क्रिया हि नाम सा या वस्तुस्वरूपनिरपेक्षैव चोद्यते।**[1] जैसे **मनो ब्रह्मेत्युपासीत, आदित्यो ब्रह्मत्युपासीत।** यहाँ मन और आदित्य के ब्रह्मरूप की उपासना का विधान किया गया है। परन्तु विधान करते समय यह बात ध्यान में नही रखी गयी है कि मन या आदित्य ब्रह्म है या नहीं अथवा दोनो ब्रह्म के साधन (प्रतीक) के रूप में हैं अर्थात् वस्तु (ब्रह्म) के स्वरूप निरपेक्ष है क्रिया। यहाँ रत्नप्रभाकार क्रिया की परिभाषा देते हैं क्रिया अपने विषयभूत वस्तु के स्वरूप की अपेक्षा नहीं करती है तथा कृति–साध्या है अर्थात् प्रयत्न से उत्पन्न होती है – **यत्र विषये तदनपेक्षैव या चोद्यते तत्र सा हि क्रियेति योजना। विषयवस्त्वनपेक्षा कृतिसाध्या च क्रिया।**[2]
2. **पुरुषव्यापारतन्त्रत्व** – पुरुष अपने प्रयास के द्वारा जिसे अपने तन्त्र (शासन) में हेतु हो वह पुरुषतन्त्र है। अतः क्रिया पुरुषव्यापार के अधीन होती है – सन्ध्यां **मनसा ध्यायेत** (ऐ० ब्रा०) यहाँ ध्यान या चिन्तन क्रिया है अतः पुरुष चाहे तो ध्यान करे या ना करे या अन्यथा प्रकार से कर ले – **पुरुष चित्तव्यापाराधीना च। संध्यां मनसा ध्यायेत् (ऐ० ब्र० ३/८/१) इति पुरुषेण कर्तुमकर्तुमन्यथा वा कर्तुं शक्यम्, पुरुषव्यापारतन्त्रत्वात्।**[3] परन्तु ज्ञान में ऐसा नहीं है ज्ञान प्रमाणजन्य है अर्थात् प्रमा है और प्रमा सदैव यथाभूतवस्तुविषयक होती है अर्थात् जैसी वस्तु वैसा ज्ञान। घटवस्तु का ज्ञान घट रूप होगा पटरूप नहीं। इसी के साथ ज्ञान वस्तु तन्त्र होता है वह न तो चोदना तन्त्र अर्थात् विधि के योग्य है और न ही पुरुषतन्त्र है – **ज्ञानं तु प्रमाणजन्यं प्रमाणं च यथाभूतवस्तुविषयम्, अतो ज्ञानं कर्तुमकर्तुमन्यथा वा कर्तुमशक्यं केवलं वस्तुतन्त्रमेव तत्, चोदनातन्त्रम्, नापि पुरुषतन्त्रम्।**[4] रत्नप्रभाकार ने इसे स्पष्ट किया कि ज्ञान प्रमारूप होने से चोदनातन्त्र नहीं है अर्थात् विधि का विषय नहीं है। पुरुष कृति द्वारा जिसका हेतु हो वह पुरुषतन्त्र है। वस्तु के अधीन होने से और पुरुष के अधीन न होने से ध्यान से ज्ञान का महान् भेद है – **पुरुषः कृतिद्वारा तन्त्रं हेतुर्यस्य तत्पुरुषतन्त्रं**

1. ब्रह्मसूत्रशांकरभाष्य (१/१/४) पृ० १८९
2. रत्नप्रभा (१/१/४) पृ० १९०
3. ब्रह्मसूत्रशांकरभाष्य (१/१/४), पृ० १८९
4. ब्रह्मसूत्रशांकरभाष्य (१/१/४), पृ० १९०

**तस्माद्वस्त्वभिचारात् अपुंतन्त्रत्वात् च ध्यानात् ज्ञानस्य महान् भेदः।**[1] घट का ज्ञान केवल इन्द्रिय सन्निकर्ष मात्र से होगा अन्य प्रकार से नहीं। एक श्रुति का उदाहरण देते हैं- **पुरुषो वा अव गौत्तमाग्नि** (हे गौतम पुरुष अग्नि है), **योषा वा अव गौतमाग्नि** (हे गौतम स्त्री अग्नि है। (छा०५/७,८/१) यहाँ स्त्री और पुरुष में अग्निबुद्धि मानसिक है। यह केवल चोदना (विधि) जन्य है क्रिया है जो पुरुषव्यापार के अधीन है। परन्तु लोकप्रसिद्ध अग्नि (असली आग) में अग्नि बुद्धि वह न तो विधि के अधीन है और न ही पुरुष के अधीन किन्तु प्रत्यक्ष के विषय वस्तु के अधीन है अतः यह ज्ञान है, क्रिया नहीं- **योषित्पुरुषयोरग्निबुद्धिर्मानसी भवति केवल-चोदनाजन्यत्वात् क्रियैव सा पुरुषव्यापारतन्त्रा च। या तु प्रसिद्धेऽग्नावग्निबुद्धिर्न सा चोदना तन्त्रा, नापि पुरुषतन्त्रा, किं तर्हि? प्रत्यक्षविषय वस्तुतन्त्रैवेति ज्ञानमेवैतत्, न क्रिया।**[2]

अतः यह स्पष्ट हुआ कि ज्ञान तथा क्रिया में दो प्रधान भेद है प्रथम ज्ञान वस्तु सापेक्ष है तथा क्रिया वस्तु निरपेक्ष है। दूसरा ज्ञान वस्तुतन्त्र (यथाभूतवस्तुविषय) है तथा क्रिया पुरुषव्यापारतन्त्र या चोदनातन्त्र है।

### क्रिया धर्म के रूप में-

आचार्य शंकर ने धर्म को क्रियारूप तथा क्रियानिष्पाद्य के रूप में बताया है। इसलिए आचार्य शंकर ने धर्मजिज्ञासा के विषय धर्म एवं ब्रह्मजिज्ञासा के विषय ब्रह्म में अन्तर सिद्ध किया है। धर्मजिज्ञासा का विषय "धर्म" है जो भव्य (साध्य) है अर्थात् किसी क्रिया (कर्म-अनुष्ठान) के उपरान्त होने वाला है। जो ज्ञानकाल में नहीं है क्यों कि यह पुरुषव्यापार के अधीन है- **भव्यश्च धर्मो जिज्ञास्यो न ज्ञानकालेऽस्ति पुरुषव्यापारतन्त्रत्वात्।**[3] इसे रत्नप्रभाकार ने स्पष्ट किया है कि ज्ञान से इच्छा उत्पन्न होती है, इच्छा से प्रयत्न तथा प्रयत्न से धर्म निष्पाद्य है- **भवतीति भव्य साध्य इत्यर्थः। कृतिसाध्यत्वात्, कृतिजनककाले धर्मस्य असत्वम्।**[4] ब्रह्मजिज्ञासा का विषय "भूत ब्रह्म" (सिद्ध) है जो नित्य है अतः इसके लिए किसी पुरुष व्यापार की आवश्यकता नहीं है- **इह तु भूतं ब्रह्म जिज्ञास्यम्, नित्यत्वात् न पुरुषव्यापारतन्त्रम्।**[5] भामतीकार के अनुसार भूत का अर्थ है- **भूतं सत्यं सदेकान्ततो न कदाचिदसदित्यर्थः।**[6] भूत का अर्थ सत्य जो कभी असत् नहीं हो सकता। अतः

1. रत्नप्रभा (१/१/४), पृ० १९०
2. ब्रह्मसूत्रशांकरभाष्य (१/१/४) पृ० १९०
3. ब्रह्मसूत्रशांकरभाष्य (१/१/१) पृ० ७१
4. रत्नप्रभा (१/१/१) पृ० ७१
5. ब्रह्मसूत्रशांकरभाष्य (१/१/१) पृ० ७१
6. भामती (१/१/१) ८०

इसे उत्पन्न करने हेतु किसी पुरुष व्यापार की आवश्यक्ता नहीं है।

इसी के साथ यह भी बताया गया है कि धर्म चोदनाजन्य है। चोदना शब्द का अर्थ है क्रिया का प्रवर्तक वचन।[7] जो चोदना (क्रिया) धर्म का ज्ञान कराती है वह पुरुष को स्वविषय में प्रवृत्त कराती हुई अर्थात् मुख्य क्रिया अपने अन्तर्गत आने वाली समस्त उपक्रियाओं में मनुष्य को नियुक्त करवाकर ही धर्म का ज्ञान कराती है- **या हि चोदना धर्मस्य लक्षणं सा स्वविषये नियुञ्जानैव पुरुषमवबोधयति।**[8]

अतः इसे इस प्रकार कहा जा सकता है कि धर्म क्रियारूप है क्यों कि वह क्रिया अथवा चोदना (क्रियापरक वाक्य) से जन्य है। क्रिया प्रयत्न से, प्रयत्न इच्छा से तथा इच्छा ज्ञान से उत्पन्न होती है। इससे यह भी स्पष्ट है कि इच्छा ज्ञान की पश्चाद्वर्ती है अर्थात् बाद में उत्पन्न होने वाली है। इस प्रकार अद्वैत वेदान्त में क्रिया को धर्म के रूप में भी व्याख्यायित किया गया है।

**क्रिया कर्मकाण्ड के रूप में- "अथातो ब्रह्मजिज्ञासा"** यह प्रथम ब्रह्मसूत्र है। इस सूत्र में अथ शब्द का अर्थ आचार्य शंकर ने आनन्तर्य (बाद में होना) बताया। परन्तु वह क्या विषय अथवा योग्यता है, जिसके उपरान्त ब्रह्म की जिज्ञासा की जानी चाहिए ? तब यहाँ पूर्वपक्ष के रूप में यह तथ्य प्रस्तुत किया गया कि क्या कर्मकाण्ड वह योग्यता है, जिसके अनन्तर ब्रह्म को जानना चाहिए? इस प्रकरण में कर्मकाण्ड की व्याख्या की क्रियाओं के समूह के रूप करके उसका निषेध किया गया कि कर्मकाण्ड वह योग्यता नहीं है जिसके अनन्तर ब्रह्म की जिज्ञासा की जानी चाहिए। अतः कर्मकाण्ड क्रियाओं के समूह के रूप में है। कर्मकाण्ड (क्रियाओं का समूह) दो विवक्षा दो स्थलों पर होती है-

**शेष-शेषी भाव सम्बन्ध-** शेष से आशय है- **"शेषः परार्थत्वात्"** (जै. सू. ३/१/१) इस सूत्र में शेष शब्द का अर्थ है अंग और उसका लक्षण है पारार्थ्य। जो पदार्थ किसी प्रधान को अपने सहयोग से सम्पन्नता या पूर्णता प्रदान करता है, उसे शेष कहते हैं। अंग, परार्थता, परोद्देश्यता, गौणता आदि शेष के पर्याय हैं। जिसके लिए शेष या अंग योगदान करता उसे शेषी या प्रधान या अंगी कहते हैं। दर्शपूर्णमास नामक एक याग होता है जो मास की अमावस्या एवं पूर्णिमा तिथियों को किया जाता है। यह दर्शपूर्णमास नामक वस्तुतः एक मुख्य क्रिया है जिसकी पूर्णता हेतु पाँच प्रकार के अन्य लघु यज्ञ जिन्हें पञ्च-प्रयाज कहा जाता है, किये जाते हैं। पञ्चप्रयाजों में **"समिधो यजति, इडो यजति, तनूनपातं यजति, बहिर्यजति, स्वाहाकारं यजति"** यह क्रियाओं का क्रम है। यहाँ शेष हैं पञ्चप्रयाज रूप सहायक क्रियाएँ तथा शेषी है दर्शपूर्णमास

7. चोदनेति क्रियायाः प्रवर्तकं वचनमाहुः। शाबरभाष्य (तर्कपाद), १/१/१, व्या० उमाशंकर शर्मा, पृ०१२
8. ब्रह्मसूत्रशांकरभाष्य १/१/१ पृ० पृ० ७२

यज्ञ, जिसकी पूर्णता के लिए पञ्चप्रयाज किए जाते हैं। अतः भामतीकार के अनुसार पञ्चप्रयाज (शेष) तथा दर्शपूर्णमास याग (शेषी) दोनो में शेष-शेषी सम्बन्ध है क्यों कि दोनों एक स्वर्गरूप फल के उद्देश्य से विहित है। दोनो एक प्रयोग विधि के द्वारा गृहीत हैं, दोनों एक ही अधिकारी (स्वर्गकामनावान्) व्यक्ति के द्वारा सम्पादनीय है और दोनो एक ही अमावस्या और पौर्णमासी तिथियों में किए जाते हैं- **शेषाणां समिदादीनां शेषिणाञ्चाग्नेयादीनामेकफलवदुपकारोपनिबद्धानामेकफलावच्छिन्नानामेक-प्रयोगवचनोपगृहीतानामेकाधिकारि कर्तृकाणामेकपौर्णमास्यमावस्याकालसम्बद्धानां युगपदनुष्ठानाशक्तेः सामर्थ्यात् क्रमप्राप्तौ तद्विशेषापेक्षायां पाठादयस्तद्भेदनियमाय प्रभवन्ति।**[1]

अतः शेष-शेषी भाव सम्बन्ध की स्थिति में मुख्य क्रिया (दर्शपूर्णमास) की पूर्णता हेतु अन्य सहायक क्रियाएँ (पञ्च-प्रयाज) की जाती है।

**अधिकृत-अधिकार भाव**- क्रियाओं के समूह की अपेक्षा वहाँ पर होती है जहाँ अधिकृत-अधिकार भाव हो। अधिकृत-अधिकार भाव वहाँ होता है जहाँ एक व्यक्ति को अर्हता विशेष प्राप्त कर लेने के बाद ही आगे का कार्य करने का अधिकारी माना जाता है। दोनों का कर्ता एक हो तब अधिकृत-अधिकार भाव होता है। उदाहरण के लिए दर्शपूर्णमासाभ्यामिष्ट्वा सोमेन यजेत अर्थात् दर्शपूर्णमास यज्ञ करके सोम यज्ञ करना चाहिए। यहाँ दर्शपूर्णमास याग का जो अधिकारी है, वही सोमयाग को करने का अधिकारी है। अतः यह अधिकृत अधिकार भाव है। दर्शपूर्णमास याग में जलप्रणयन नामक क्रिया समूह कर लेने वाला व्यक्ति ही सोमयाग याग नामक क्रिया को करने का अधिकारी माना जाता है। दर्शपूर्णमास याग के क्रिया-कलाप का प्रारम्भ जल प्रणयन से होता है। इसमें आचमन किया जाता है। गोदोहन पात्र विधि पूर्वक लिया जाता है। तत्पश्चात् गोदोहन पात्र में जल भरकर रखा जाता है यह समस्त क्रिया समूह जलप्रणयन कहलाता है। इस प्रकार क्रिया को कर्मकाण्ड के रूप में एक अद्भुत तथा नूतन रीति से अद्वैत वेदान्त में स्पष्ट किया गया है।

**क्रिया विधि ( उपासना ) के रूप**- पूर्वमीमांसा में वेद को पाँच भागों में विभक्त किया है- १. विधि २. मन्त्र ३. नामधेय ४. निषेध एवं ५. अर्थवाद। यद्यपि उपनिषद् वाक्य (वेदान्त वाक्य) भी वेद का ही भाग होने से पूर्वमीमांसा के अनुसार विधि तथा अर्थवाद के अन्तर्गत आते हैं। विधि से आशय वह अज्ञात अर्थ का जो ज्ञापक हो- **अज्ञातार्थज्ञापको वेदभागो विधिः।**[2] जो वाक्य किसी इष्ट फल की प्राप्ति का उपाय बताकर उसे करने की प्रवृत्ति उत्पन्न करे, वही विधि है- जैसे - 'स्वर्ग चाहनेवाला यज्ञ करे'। विधि का मूल है- भावना। मीमांसाशास्त्र में "भावना" एक

1. भामती १/१/१, व्या० स्वामी योगीन्द्रानन्द, पृ० ७८
2. अर्थसंग्रह, विधिप्रकरण, व्या० वाचस्पति उपाध्याय, पृ० १६४

विशिष्ट पारिभाषिक शब्द प्रचलित है, जिसका अर्थ है होने वाले कर्म की उत्पत्ति के अनुकूल प्रयोजक में रहने वाला विशेष व्यापार– **भावयितुर्व्यापारविशेषः भावना।**[1] विधि दो प्रकार की कही गई है– प्रधान विधि और अंग विधि। फल देनेवाली संपूर्ण क्रिया के आदेश करनेवाले वाक्य को प्रधान विधि कहते हैं। जैसे– 'जिसे पुत्र की कामना हो, वह पुत्रेष्टि करे'। प्रधान क्रिया के अंतर्गत होनेवाली छोटी–छोटी क्रियाओं के निर्देश को अंग–विधि कहते हैं। जैसे– 'चावल से यज्ञ करे, दधि का हवन करे, इत्यादि। इसी रूप में विधि निषेध शब्द प्रचलित भी हुआ है। किसी काम को करने और न करने की शास्त्रीय आज्ञा को विधि निषेध कहा जाता है। तुलसी मानस में कहते हैं– **विधिनिषेध मय कलिमल हरनी।**[2] विधि प्रवृत्ति तथा निवृत्ति रूप क्रिया द्वारा इष्ट की प्राप्ति कराती है। इस रूप में विधि क्रियारूप है।

वेद विधिप्रधान है अर्थात् क्रिया प्रधान है। ऐसा पूर्वमीमांसा का मत है जो चतुर्थ ब्रह्मसूत्र **"तत्तुसमन्वयात्"** के भाष्य में आचार्य शंकर ने उठाया है– **"आम्नायस्य क्रियार्थत्वात् आनर्थक्यमतदर्थानाम्"**[3] वेदशास्त्र के सभी वाक्य क्रिया परक ही हैं और जो क्रियापरक वाक्य नहीं है या तो निरर्थक माने जाते है या फिर क्रियापरक वाक्यों के साथ नियुक्त होकर सार्थक होते हैं। जैसे **"स्वर्गकामो यजेत"** आदि वाक्यों में यज्ञ आदि करने का विधान है। उसी प्रकार से अन्य शास्त्र वाक्यों को भी कर्मपरक ही समझना चाहिए। पूर्वमीमांसा के अनुसार सभी वाक्य क्रियापरक हैं अर्थात् किसी न किसी रूप में वे कर्मकाण्ड का विधान करते हैं । वेदों के जिन वाक्यों में क्रियार्थकता का अभाव होगा वे निरर्थक होंगे, निष्फल होंगे अथवा व्यर्थ होंगे। किन्तु वे वेद सदृश नित्यवाणी के किसी भी अंश को निरर्थक स्वीकार नहीं करते हैं, अतः जिन वाक्यों में कर्म का साक्षात् विधान नहीं हैं, उनको किसी न किसी विधिवाक्य का अंग मानकर उनकी सार्थकता सिद्ध कर देते हैं और पवित्र नित्य वाणी को अनित्य होने से बचा लेते हैं। यद्यपि वेदान्त ब्रह्म का कथन करते हैं, क्रिया का विधान नहीं करते अतः वेदान्त की सार्थकता का प्रश्न उपस्थित हो जाता है। मीमासंकों के अनुसार वेदान्त वाक्यों (तत्त्वमसि, अहं ब्रह्मास्मि इत्यादि) की सार्थकता कर्ता एवं देवता के प्रकाशक के स्वरूप अथवा उपनिषद वाक्यों में ही प्रतिपादित किसी उपासनारूप क्रियाविधि का अंग स्वीकार करके हो सकती है– **कर्तृदेवतादिप्रकाशनार्थत्वेन वा क्रियाविधिशेषत्वम्, उपासनादिक्रियान्तरविधानार्थत्वं वा।**[4] अथवा वेदान्त वाक्य अर्थवाद हैं जो विधि के साधन के रूप में कल्पित होकर सार्थक होते हैं क्योंकि

1. अर्थसंग्रह, विधिप्रकरण, व्या० वाचस्पति उपाध्याय, पृ० १६४
2. बालकाण्ड, ५
3. जै०सू० १/२/१
4. ब्रह्मसूत्रशांकरभाष्य,१/१/४ पृ० पृ०१३६

विधि वाक्यों के साथ स्तुति के द्वारा अर्थवादवाक्यों की एकवाक्यता है क्योंकि वे विधेय की स्तुति करते हैं। यहाँ एक कथा प्रचलित है कि देवों तथा दानवों के मध्य युद्ध हुआ तो देवताओं ने अपने सभी आभूषण अग्नि को आश्रय में सुरक्षित रखने हेतु दे दिए। जब देवता युद्ध में विजयी होकर लौटे तो देवताओं ने अपनी धरोहर अग्नि से माँगी परन्तु अग्नि ने उन्हें पुनः लौटाने से मना कर दिया। ऐसा किए जाने पर देवाताओं ने अग्नि को यातना दी जिससे अग्नि रोने लगा तथा अग्नि के अश्रु बहने लगे। अश्रु जो पृथ्वी पर गिरे तो वह रजत अर्थात् चाँदी बन गया। चूँकि रजत की उत्पत्ति रुदन से हुई अतः यज्ञ में दक्षिणा के रूप में दिए जाने के लिए निषेध किया गया है। अतः "दैवेर्निरुध्दः सोऽरोदीत्" (देवों से रोका हुआ वह रोया) यह वाक्य (अर्थवाद) अश्रु से उत्पन्न हुए रजत की निन्दा करते हुए "बहिर्षि रजतं न देयम्" इस सफल निषेध वाक्य (विधि वाक्य)का अंग होकर सार्थक है। किसी भी स्थल पर विधिवाक्यों के सम्बन्ध के बिना वेद वाक्यों की अर्थवत्ता देखने में नहीं आती है – **सोऽरोदीत् अत्येवमादीनामानर्थक्यं मा भूदिति "विधिनात्वेकवाक्यास्तुत्यर्थेन विधिनां स्युः" (जै. सू. १.२.७)। इति स्तावकत्वेनार्थवत्त्वमुक्तम्। न क्वचिदपि वेदवाक्यानां विधिसंस्पर्शमन्तरेणार्थवत्ता दृष्टोपपन्न।**[1]

मीमांसकों ने वेदान्त में प्रयुक्त जीव और ब्रह्मपरक वाक्यों को कर्मकाण्ड में अपेक्षित कर्ता और देवता का प्रतिपादक माना है। वह आचार्य शंकर के अनुसार अनुचित है क्योंकि वेदान्त में अद्वितीय ब्रह्म के अतिरिक्त किसी वस्तु का अस्तित्व ही नहीं है तो क्रिया, कर्ता और फल का भेद बन ही नहीं सकता – **न च तेषां कर्तृस्वरूपप्रतिपादनपरता अवसीयते, "तत्केन कं पश्येत्" (बृ०२/४/१३)।**[2] अतः वेदान्त वाक्य क्रियारूप विधि का अंग नहीं हो सकते।

मीमांसकों ने शास्त्र को क्रियापरक (विधिपरक) माना । अतः मीमांसा दर्शन में पुरुष को किसी विषय में प्रवृत्त करने वाला तथा किसी विषय से निवृत्त करने वाला शास्त्र सार्थक है। वेदान्त भी शास्त्र है इसलिए वेदान्त वाक्य विधि (क्रिया) के अंग के रूप में स्थापित करना चाहते हैं। भामतीकार वाचस्पति मिश्र ने कुमारिलभट्ट को उद्धृत करते हुए शास्त्र की सुन्दर परिभाषा दी है। भामतीकार के अनुसार वेदान्तवाक्य वेद होने के कारण शास्त्र कहे जाते हैं और प्रवृत्ति-निवृत्ति परकता सन्दर्भ ही शास्त्र की परिभाषा में आता है। अतः वेदान्त वाक्यों में शास्त्रत्व की प्रसिद्धि होने के कारण सिद्धार्थपरकता सम्भव नहीं है। जिस **नित्य (अपौरुषेय)** अथवा **कृतक (पौरुषेय)** पद सन्दर्भ के द्वारा पुरुषों की किसी विषय में प्रवृत्ति या किसी विषय से

---

1. ब्रह्मसूत्रशांकरभाष्य, १/१/४ पृ० पृ० १३७
2. ब्रह्मसूत्रशांकरभाष्य १/१/४, पृ० १४६

निवृत्ति होती है, उस पद सन्दर्भ को शास्त्र कहते हैं- **अपि च वेदान्तानां वेदत्वात् शास्त्रत्वप्रसिद्धिरस्ति, प्रवृत्तिनिवृत्तिपराणां च सन्दर्भाणां शास्त्रत्वम्। यथाहुः-**

**प्रवृत्तिर्वा निवृत्तिर्वा नित्येन कृतकेन वा।**
**पुंसा येनोपदिश्येत तच्छास्त्रमभिधीयते।।**[1]

वेदान्तशास्त्र ब्रह्म का प्रतिपाद्य तो है परन्तु विधि के अंग के रूप में है। क्रियारहित केवल सिद्ध ब्रह्म को प्रतिपाद्य मानने से उपनिषदों का शास्त्रत्व ही नष्ट हो जाएगा- **प्रवृत्तिनिवृत्तिप्रयोजनत्वाच्छास्त्रस्य।**[2] जैसे यज्ञों में प्रयुक्त यूप, आवहनीय आदि अलौकिक पदार्थ (अर्थात् लोक में प्रचलित परन्तु वेद में परिभाषित) विधि के अंग के रूप में शास्त्रों द्वारा ज्ञात कराये जाते हैं। "यूप (यज्ञस्तम्भ) में पशु बाँधता है" तथा "आवहनीय अग्नि में हवन करता है" आदि ये विधि वाक्य है। परन्तु जिसे यूप और आवहनीय पद का ही ज्ञान नहीं होगा वह कैसे यज्ञ करेगा? अतः जिस प्रकार यूप क्या है? यह आकांक्षा होने पर लकड़ी को छिलता है, आठ कोणों वाली बनाता है आदि वाक्यों से छिलायी आदि से परिष्कृत की गयी लकडी जो यज्ञस्तम्भ है वह यूप है यह ज्ञात होता है और अग्नि का आधान करें आदि वाक्य से आधान की गई अग्नि आवहनीय है। इस विधिपरक वाक्यों के अंग द्वारा सार्थक बनाये जाते है उसी प्रकार ब्रह्म का ध्यान करना चाहिए ऐसा कहने पर ब्रह्म क्या है? इसका भी बोध विधि के वाक्यों से सम्बद्ध करके ही सिद्ध होता है- **यूपे पशुं बध्नाति, आवहनीये जुहोति, इन्द्रं यजेत इति विधिषु के यूपादय इत्याकाङ्क्षायां "यूपं तक्षत्यष्टास्रीकरोति इति तक्षणादि-संस्कृतं दारु यूपः अग्नीनादधीत इति आधनसंस्कृतोऽग्निः आवहनीयः, वज्रहस्तः पुरन्दरः इति विधिपरैरेव वाक्यैः समर्प्यन्ते, तद्वद् ब्रह्म इत्यर्थः।**[3]

इसलिए भाष्यकार आचार्य शंकर ने यह भी बताया कि किस प्रकार उपनिषद् (वेदान्त) विधि (क्रिया) का अंग नहीं है तथापि शास्त्र है। क्योंकि ब्रह्मविद्या (वेदान्त)) तथा कर्मविद्या (विधि-क्रिया) का फलभेद है। चोदना ही जिनका लक्षण है, ऐसे अर्थ एवं अनर्थरूप, धर्म तथा अधर्म से जन्य, सुख और दुःख नाम से जाने जाते हैं जो, इन्द्रिय और अर्थ के सन्निकर्ष से उत्पन्न होते हैं, ऐसे कर्मविद्या के फलों का शरीर, मन तथा वाणी द्वारा उपभोग किया जाता है। इसके विपरीत ब्रह्मविद्या के फलस्वरूप मोक्ष का शरीर आदि से कोई सम्बन्ध नही हैं। श्रुति भी कहती है- "न ह वै सशरीरस्य सतः प्रियाप्रिययोरपहतिरस्ति" (छा. ८.१२.१) (सशरीर आत्मा के रहते सुख और दुःख का विनाश नहीं हो सकता), अशरीरं वाव सन्तं न प्रियाप्रिये स्पृशतः (छा० ८.१२.१) (शरीर रहित आत्मा को सुख एवं दुःख स्पर्श नहीं करते) अतः

1. भामती १/१/४, पृ० १२६
2. ब्रह्मसूत्रशांकरभाष्य १/१/४,,पृ० १५२
3. रत्नप्रभा१/१/४, पृ० १५१

यहाँ शरीर रहित स्थिति के चोदना लक्षण धर्म से उत्पन्न होने का निषेध किया गया है – **प्रियाप्रियस्पर्शनप्रतिषेधाच्चोदना लक्षणधर्मकार्यत्वं मोक्षाख्यस्याशरीरत्वस्य प्रतिषिध्यत इति गम्यते।**[1]

भामतीकार ने उक्त मत को और अधिक स्पष्ट किया है। उन्होंने कर्मविद्या एवं ब्रह्मविद्या के फलों के मध्य का वैलक्ष्यण्य सूचित किया है। भामतीकार के अनुसार कर्मविद्या एवं ब्रह्मविद्या के फलों के मध्य यह विलक्षणता है कि क्रिया के ज्ञान से धर्म और अधर्म का अनुष्ठान होता है तत्पश्चात् धर्मानुष्ठान से पुण्य तथा अधर्माचरण से पाप उत्पन्न होता है इसके अनन्तर पुण्य का फल सुख तथा पाप का फल दुःख होता है। यह सुख और दुख सातिशय (कम–ज्यादा) होता है अर्थात् मनुष्य लोक से लेकर ब्रह्मलोक पर्यन्त उत्तरोत्तर सुख बढ़ता जाता है तथा मनुष्य लोक से लेकर नरक लोक तक दुःख अधिकाधिक होता जाता है। वह सुखादुःखात्मक समस्त फल उत्पति विनाशशील होता है किन्तु आत्मज्ञान का अशरीरत्वरूप मोक्षफल आत्यन्तिक (अविनाशी), निरतिशय (कम–ज्यादा से रहित) स्वभाव सिद्ध एवं अविद्या की निवृत्ति मात्र होता है– **पुण्यापुण्यफले सुखदुःखे तत्र मनुष्यलोकमारभ्याब्रह्मलोकात् सुखस्य तारतम्यम् अधिकाधिकोत्कर्षः एवं मनुष्यलोकमारभ्य दुःखतारतम्यमावीचिलोकात्, तच्च सर्व कार्य्यं च विनाशी च। आत्यन्तिक त्वशरीरत्वमनतिशयं स्वभावसिद्धतया नित्यमकार्य्यमात्मज्ञानस्य फलम्।**[2]

इस प्रकार वेद की विधिव्यापकता तथा विधि की भावनामूलता अन्ततः भावना की क्रियापरकता के रूप में अभिव्यक्त किया है की अद्वैत वेदान्त में विधि की व्याख्या क्रिया के रूप में की गई है ।

**क्रिया उत्पत्ति, विकृति, प्राप्ति और संस्कृति के रूप मे –**

अद्वैत वेदान्त में क्रिया के उत्पत्ति, विकृति, प्राप्ति और संस्कृति के रूप मे इन चतुर्विध प्रकारों पर भी चर्चा हुई। वस्तुतः मोक्ष पारमार्थिक रूप से नित्य है परिणामी नित्य नहीं। परिणामी नित्य वह तत्त्व कहलाता जिसके विकृत होने पर भी "यह वही है" ऐसी बुद्धि का नाश नहीं होता जैसे जगत् को नित्य कहने वालों के मत में पृथिवी आदि तथा जैसे सांख्य के मत में गुण आदि– **तत्र किञ्चित्परिणामि नित्यं यस्मिन्विक्रियमाणेऽपि तदेवेदमिति बुद्धिर्न विहन्यते। यथा पृथिव्यादि जगन्नित्यत्ववादिनाम्, यथा च सांख्यानां गुणाः।**[3] जो वस्तु परिणत(विकृत) होकर भी अपने मौलिकरूप में प्रत्यभिज्ञात रहती है उसे परिणामी नित्य कहते हैं जैसे

1. ब्रह्मसूत्रशांकरभाष्य १/१/४,पृ० १६३
2. भामती १/१/४, पृ० १३३
3. ब्रह्मसूत्रशांकरभाष्य१/१/४, पृ० १६५

सुवर्णमृदादि पदार्थ कटक–घटादिरूप में परिणत होकर भी अपनी तात्त्विक मृदुता को कभी नहीं गँवाते है अतः परिणामी नित्य कहे जाते है। यहाँ क्रिया की चर्चा क्यों हुई? क्योंकि यदि मोक्ष के साथ क्रिया का सम्बन्ध माना जाए तब परिणामी नित्य कहलाएगा और यदि मोक्ष में क्रिया का अल्पमात्र भी प्रवेश नहीं हुआ है तब वह कूटस्थ नित्य कहलाएगा। अद्वैत वेदान्त में मोक्ष को क्रिया के उत्पत्ति, विकृति, प्राप्ति और संस्कृति के रूप मे इन चतुर्विध प्रकारों से रहित बताया गया है। यहाँ शंकर के अनुसार ब्रह्मविद्या का फल मोक्ष परिणामी नित्य न होकर पारमार्थिक नित्य है। उसका स्वरूप निम्न शब्दों में अभिव्यक्त करते हैं – **इदं तु पारमार्थिकं कूटस्थनित्यं व्योमवत्सर्वव्यापी सर्वक्रियारहित नित्यतृप्तं निरवयवं स्वयं ज्योतिस्वभावम्। यत्र धर्माधर्मौ सह कार्येण कालत्रयं च नोपवर्तेते। तदेतदशरीरत्वं मोक्षाख्यम् – अन्यत्र धर्मादन्यत्रास्मात्कृताकृतात्, अन्यत्र भूताच्च भव्याच्च (क.२/१४) (वह धर्म से अधर्म से, कार्य से कारण से, भूत से भविष्य से और वर्तमान से पृथक् है।)**[1]

आचार्य शंकर ने यहाँ ने मोक्ष के लिए **"कूटस्थनित्यम्" "सर्वव्यापी" "सर्वविक्रियारहितम्" "निरवयवम्"** विशेषणों का प्रयोग किया है जो मोक्ष में उत्पत्ति, आप्ति (प्राप्ति) तथा विकृति तथा संस्कृति ये चार प्रकार की क्रियाओं का निषेध करते हैं। ब्रह्मभाव में "कूटस्थनित्यम्" पद के द्वारा उत्पत्ति की क्रिया का निषेध किया है। भाष्यकार के अनुसार मोक्ष उत्पाद्य नहीं है क्योंकि जिनके मत में मोक्ष उत्पाद्य है उनके मत में मोक्ष शारीरिक, वाचिक और मानसिक क्रियाओं की अपेक्षा रखता है। अर्थात् जैसे घट, शब्द तथा विचार रूप कार्य क्रमशः शारीरिक, वाचिक और मानसिक क्रियाओं की अपेक्षा रखते हैं। ऐसा होने पर मोक्ष अनित्य हो जाएगा जैसे उत्पन्न घट आदि कार्य जगत् में अनित्य देखे जाते हैं। इसी प्रकार **"सर्वविक्रियारहितम्"** पद के द्वारा विकृति क्रिया का निषेध किया गया है। रत्नप्रभाकार के अनुसार वस्तु की एक अवस्था से दूसरी अवस्था प्राप्त करना विकार है– **स्थितस्य अवस्थान्तरं विकारः।**[2] मोक्ष विकार्य भी नहीं है क्योंकि ऐसा होने पर भी मोक्ष अनित्य हो जाएगा जैसे विकार दधि आदि जगत् में अनित्य देखे जाते हैं– **यस्य तु उत्पाद्यो मोक्षस्तस्य मानसं वाचिकं कायिकं वा कार्यमपेक्षत इति युक्तम् तथा विकार्यत्वे च। तयोः पक्षयोर्मोक्षस्य ध्रुवमनित्यत्वम्। न हि दध्यादि विकार्यम् उत्पाद्यं वा घटादि नित्यं दृष्टं लोके।**[3] ऐसा कहा जा सकता है कि मोक्ष शारीरिक, वाचिक और मानसिक क्रियाओं की अपेक्षा नहीं रखता अतः मोक्ष में न तो उत्पत्ति तथा न ही विकृति क्रिया का कोई प्रवेश है।

1. ब्रह्मसूत्रशांकरभाष्य १/१/४, १६६
2. रत्नप्रभा १/१/४, पृ० १४९
3. ब्रह्मसूत्रशांकरभाष्य १/१/४, पृ० १८२

"सर्वव्यापी" पद के द्वारा प्राप्ति क्रिया का निषेध किया गया है। आचार्य शंकर तीसरा पक्ष प्रस्तुत करते हैं कि मोक्ष प्राप्य भी नहीं है क्योंकि ब्रह्म जीव से भिन्न स्वरूप वाला नहीं है तथा वह आकाश के समान सर्वत्र व्यापक होने से सबको नित्य प्राप्त है- **न चाऽऽप्यत्वे नापि कार्यापेक्षा, स्वात्मस्वरूपत्वे सत्यनाप्यत्वम्, सर्वगतत्वेन नित्याप्तस्वरूपत्वात् सर्वेण ब्रह्मणः आकाशस्येव।**[1] प्राप्ति क्रिया क्या है? इसे भामतीकार स्पष्ट करते हैं। यदि कोई वस्तु अन्य साधन द्वारा विकृत देश को छोड़कर अविकृत देश को प्राप्त हो जाती है तब वह क्रिया प्राप्ति कहलाती है - **अन्यदन्येन विकृतदेशपरिहाराण्याऽविकृतदेशं प्राप्यते।**[2] अब भामतीकार उदाहरण देते हैं कि महासागर अपने तट के समीप अत्यन्त चपल और उत्ताल तरंगावलीयों के परस्पर टकराहट से फेनिल अवस्था को प्राप्त होता है और वही मध्य भाग में जाकर सकल कल्लोल (उछल-कूद) को छोडकर प्रशान्त अवस्था को प्राप्त होता है। नाविक अपनी नौका के द्वारा उसी प्रशान्त क्षेत्र को प्राप्त करता है परन्तु जीव तो ब्रह्मरूप ही है अतः वह किस अन्य पदार्थ को प्राप्त करेगा। प्राप्ति क्रिया सदैव प्रापक और प्राप्य के मध्य भेद की अपेक्षा रखती है परन्तु मोक्ष में प्रापक (जीव) और प्राप्य ( ब्रह्म) के मध्य भेद न होने के कारण प्राप्ति सम्भव नहीं है फलतः मोक्ष में प्राप्यकर्मता क्यों कर होगी।[3]

"निरवयवम्" पद के द्वारा संस्कृति क्रिया की निवृत्ति की गई है। वस्तुतः संस्कार केवल उसी वस्तु का हो सकता है जिसे अवयवयुक्त हो अर्थात् जिसमें सयोंजन एवं विभाजन सम्भव हो सके। जब मोक्ष उत्पन्न नहीं किया जा सकता तथा विकार उसमें सम्भव नहीं, प्राप्यकर्मता उसमें सम्भव नहीं है तो क्या मोक्ष संस्कार्य है? संस्कार क्रिया है क्या? आचार्य शंकर कहते हैं संस्कार्य वस्तु में गुणों का आधान तथा दोषों को दूर करना ही संस्कार कहलाता है- संस्कारो हि नाम संस्कार्यस्य गुणाधानेन वा दोषापनयनेन वा।[4] जैसे यज्ञ में एक क्रिया होती है व्रीहि (चावल) का प्रोक्षण। पूर्वमीमांसा में ऐसा स्वीकार किया जाता है चावल भिगोने से एक शक्ति उत्पन्न होती है जिसे पारिभाषिक रूप में अपूर्व या अदृष्ट कहा जाता है। "व्रीहीन प्रोक्षति" में प्रोक्षणादि संस्कार क्रिया द्वारा जो अदृष्ट उत्पन्न होता है वैसा ब्रह्म में कोई अंश उत्पन्न नहीं होता ब्रह्म सर्वथा निरवयव तथा निरंश होता है। परन्तु भाष्यकार के अनुसार मोक्ष संस्कार्य भी नहीं है जिससे कि वहाँ व्यापार की अपेक्षा रहे। भामतीकार के अनुसार संस्कार क्रिया किसी भी वस्तु में दो प्रकार से सम्भव है-

1. ब्रह्मसूत्रशांकरभाष्य १/१/४, पृ० १८३
2. भामती १/१/४, पृ० १४९
3. भामती१/१/४, पृ० १४९
4. ब्रह्मसूत्रशांकरभाष्य१/१/४,पृ० १८३

१. **गुणाधान** - गुण विशेष की उत्पत्ति के द्वारा जैसे-

**कुसुमे बीजपूरादेः यल्लाक्षाद्युपसिच्यते।**
**तद्रूपस्यैव संक्रान्तिः फले तस्येति वासना॥** (प्र०वा०भा०,३४८)

बिजौरा के फल को लाख के रस से तर कर देने पर बिजौरा का फल अन्दर से लाल हो जाता है । यहाँ फूल पर लालिमा रूप गुण का आधान किया जाता है वह फूल की लालिमा फल के रस में परिणत हो जाती है।

२. **दोषापनयन**- दूसरा संस्कार दोषापनयन के द्वारा किया जाता है जैसे मलिन दर्पण तल पर ईट का चूर्ण रगडने से दर्पण संस्कृत अर्थात् निर्मल हो जाता है। परन्तु ब्रह्म में गुणों का आधान नहीं किया जा सकता क्योंकि ब्रह्म अनाधिशयरूप है अर्थात् पूर्ण है उसमें अतिशय (किसी का मिलाना) सम्भव नहीं है। दोष दूर करने से भी उसका संस्कार होना सम्भव नहीं है क्योंकि मोक्ष नित्य शुद्ध ब्रह्म का स्वरूप है - **न तावद् गुणाधानेन सम्भवति, अनाधेयातिशयब्रह्मस्वरूपत्वात् मोक्षस्य। नापि दोषापनयेन नित्यशुद्धब्रह्मस्वरूपत्वान्मोक्षस्य।**[1]

इस प्रकार शांकरवेदान्त में क्रिया का चार रूपों में उत्पत्ति, विकृति, प्राप्ति तथा संस्कृति में दार्शनिकविश्लेषण किया गया कि अमुक क्रिया का स्वरूप है? वह किस तरह वस्तु से सम्बद्ध होती है? उसके क्या भेद हैं? तथा मोक्ष यदि वस्तु है तो उसमें क्रिया का प्रवेश क्यों निषिद्ध है? इत्यादि।

**उपसंहार**

अद्वैत वेदान्त का प्रतिपाद्य ब्रह्म है जो सिद्ध रूप है साध्य नहीं है जो वस्तु साध्य होती है उसी में क्रिया का प्रवेश सम्भव है। अद्वैत वेदान्त में ज्ञान, मोक्ष आत्मा तथा ब्रह्म ये सभी एक हैं । इनका स्वभाव है कि ये वस्तुस्वरूप सापेक्ष तथा पुरुषव्यापारतन्त्र से रहित हैं। इसके विपरीत धर्म, विधि, कर्मकाण्ड तथा उपासना आदि क्रियारूप हैं जो वस्तुस्वरूप निरपेक्ष तथा पुरुषव्यापारतन्त्र के रूप में व्याख्यायित किए गए हैं। इसलिए क्रिया को कभी धर्म के रूप में कभी कर्मकाण्ड के रूप में, कभी विधि के रूप में, कभी उपासना के रूप में तथा कभी मानसिक व्यापार के रूप में परिभाषित एवं व्याख्यायित किया गया है। दर्शन की दृष्टि से उत्पत्ति, विकृति, प्राप्ति तथा संस्कृति ये चार क्रिया के रूप सम्भव हैं, जिनका विश्लेषण शांकरवेदान्त में किया गया है । सारांश रूप में यह कहा जा सकता है कि जहाँ एक ओर पूर्वमीमांसा के अनुसार साध्य धर्म (क्रिया) है, जिसके अन्तर्गत ब्रह्म (ज्ञान) साधन के रूप में प्रतिष्ठापित किया जाना चाहिए वहीं दूसरी ओर इसके विपरीत धर्म, कर्मकाण्ड, विधि,

1. ब्रह्मसूत्रशांकरभाष्य १/१/४, पृ० १८३

उपासना इन सभी क्रियाओं का ब्रह्म में बारम्बार निषेध इसलिए नहीं किया गया ये नितान्त अनुपयोगी है, वरन् क्रिया ब्रह्मरूप ज्ञान के लिए साधन के रूप स्थापित हो सकें ब्रह्म के स्वरूप में नहीं अर्थात् ब्रह्म साध्य है और धर्म (क्रिया) साधन। इस सम्पूर्ण प्रक्रम में शांकरवेदान्त में व्याकरणादि शास्त्रों से भिन्न रूप में दर्शन की दृष्टि से क्रिया को जिस रूप में परिभाषित, व्याख्यायित तथा विश्लेषित किया गया है वह दर्शनशास्त्र अमूल्य निधि है।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची ( Bibliography )


- ब्रह्मसूत्रशांकरभाष्य(रत्नप्रभा टीका सहिता) अनु० यतिवर श्री भोलेबाबा, भारतीय विद्या प्रकाशन, नई दिल्ली, 2004 .
- ब्रह्मसूत्रशांकरभाष्य, सम्पा० स्वामि सत्यानन्द सरस्वती, कृत हिन्दी व्याख्या एवं अनुवाद, गोविन्द मठ, वाराणसी, 1965.
- ब्रह्मसूत्रशांकरभाष्य, सम्पा० कन्हैया लाल जोशी (भामती, कल्पतरु, परिमल, टीकाओं सहित), परिमल पब्लिकेशन्स, दिल्ली 1982.
- ब्रह्मसूत्रशांकरभाष्यम्–भामती–पंचपादिका–विवरण–तत्त्वदीपन–विवरणप्रमेयसंग्रह–ऋजुप्रकाशिका–नारायण सरस्वती कृत वार्तिक–नवीन टिपण्णी प्रदीप व्याख्योप–व्याख्यानवकोपेतम् , संस्कृतभूमिका, सूचिपत्रादिसमेतम्, म. म. श्री अनन्तकृष्ण शास्त्री, चौखम्भा संस्कृत प्रतिष्ठान, वाराणसी, 2008.
- ब्रह्मसूत्रशाङ्करभाष्य (एकादशीटीका संयुतम्), सम्पा० योगेश्वरदत्त शर्मा, नाग प्रकाशन, प्रथम संस्करण, 1997.
- ब्रह्मसूत्रशाङ्करभाष्यम् (चतुःसूत्री), संपा० रमाकान्त तिवारी, उत्तरप्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ, 1991.
- भामती (वाचस्पति मिश्र कृत), व्या० स्वामी योगीन्द्रानन्द, चौखम्भा विद्याभवन, वाराणसी, 2005.
- पंचपादिकाविवरण (प्रकाशात्मयति कृत), अनु० किशोरीलाल स्वामी, रामतीर्थ मिशन, देहरादून, 2001.
- अर्थसंग्रह, वाचस्पति उपाध्याय, चौखम्भा ओरियण्टालिया, दिल्ली, 2011.
- ईशादि नौ उपनिषद्, गीताप्रेस, गोरखपुर, संवत् २०२०
- छान्दोग्य उपनिषद्, गीताप्रेस, गोरखपुर, संवत् २०१३
- बृहदारण्यकोपनिषद्, गीताप्रेस, गोरखपुर, संवत् २०१३

- श्रीरामचरितमानस, गीताप्रेस, गोरखपुर, संवत २०१०
- मीमांसादर्शनम् (तर्कपाद-शाबरभाष्य), व्या० उमाशंकर शर्मा, चौखम्भा विद्याभवन, वाराणसी, 2009.
- Śaṅkara, & Gambhīrānanda- (2009)- Brahma&sūtra&bhāṣya of Śrī Śaṅkarācārya- Calcutta% Advaita Ashrama.
- Shastri, Kokileshvara- (1979)-An Introduction to Advaita vedānta Philosophy-Delhi: Bhartiya Publishing House.
- Sharma, V- K- (1974) Chitsukh*s Contribution to Advaita vedānta-Maysore: Kaivalya Publication.
- Sharma, Baldev Raj(1972) Concept of ātman In Principle upaniṣad-New Delhi: Dinesh Publication.
- Swami, Nikhilananda- (1949)- Mandukyopanishad (With Gaudpad Karika and Shankara Bhashya)- Mysore: Ramkrishna Asharm.


* * *

UGC- CARE Listed
अक्टूबर-दिसम्बर, 2020

शोधप्रभा
वर्ष : 45, चतुर्थोऽङ्कः

# चतुर्व्यूहात्मक योगशास्त्र का विवेचन

**डॉ० सुनीता सैनी***

**अथ योगानुशासनम्** पातञ्जलयोगदर्शन का यह प्रथम सूत्र योग को शास्त्र के रूप में उद्घोषित करता है। व्यास भाष्य के अनुसार- **योगानुशासनम् शास्त्रमधिकृतं वेदितव्यम्।**[1] कालांतर में यह विशुद्ध योगशास्त्र दर्शन की परिधि से बाहर निकालकर मानव के आरोग्य का साधन बनता चला गया व योगशास्त्र का दार्शनिक पक्ष पृष्ठभूमि में चला गया। यद्यपि जीवन के व्यावहारिक पक्ष में योग का पदार्पण योगशास्त्र की महत्ता व सार्वभौमता का परिचायक ही है परन्तु योगशास्त्र के आध्यात्मिक पक्ष का धूमिल हो जाना भी ग्राह्य नहीं।

विविध भारतीय दर्शनों के मध्य योगदर्शन का स्थान अत्यन्त महत्वपूर्ण है। यह सुविदित तथ्य है कि भारतीय दर्शन का चरम लक्ष्य प्राणियों को त्रिविध दुःखों से एकान्तिक व आत्यन्तिक निवृत्ति दिलाना है। प्रायः सभी भारतीय दर्शनों में (चार्वाक व कर्ममीमांसा को छोड़कर) दुःखनिवृत्ति की सिद्धि में शुद्ध ज्ञान को ही उपाय माना गया है। चाहे आस्तिक दर्शनों का आत्मतत्त्व ज्ञान हो अथवा बौद्धों का अनात्मज्ञान या सम्यक् दर्शन अथवा जैनों का वैराग्य युक्त समाधि विशेष। सभी मतों में योग या अभ्यास वैराग्य के द्वारा चित्तवृत्ति निरोध ही आत्म साक्षात्कार एवं शाश्वत शान्ति का उपाय है।

योग क्या है? योगसूत्रकार कहते हैं- **योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः।**[2] चित्तवृत्तियों का ऐसा निरोध जो अभ्यास व वैराग्य पूर्वक हो। चित्तवृत्ति निरोध का अर्थ है- मन में एक ही ज्ञान को उदित रखकर अन्य सब ज्ञानों का निरोध सम्प्रज्ञातयोग कहलाता है तथा सर्वविध व्यावहारिक ज्ञानों का निरोध असम्प्रज्ञातयोग कहलाता है। अभ्यास का अर्थ है- पुनः पुनः चेष्टा करना।

---

* असिस्टेण्ट प्रोफेसर, संस्कृत, पालि एवं प्राकृत विभाग, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक।

1. पातञ्जलयोगदर्शनम् - 1/1 का व्यास भाष्य
2. वही 1/2

**तत्र स्थितौ यत्नोऽभ्यासः।**[1] अर्थात् वृत्ति रहित चित्त की निस्तरंग स्थिति के लिए मानसिक प्रयास का उत्साह ही प्रयत्न है। उस चित्तस्थिति को बनाए रखने के लिए उसके साधनों का अनुष्ठान करना ही अभ्यास है। वैराग्य को स्पष्ट करते हुए सूत्रकार कहते हैं- **दृष्टानुश्रविक विषयवितृष्णस्य वशीकारसंज्ञावैराग्यम्।**[2] केवल चित्त के निरुद्ध होने से ही कैवल्य सिद्धि नहीं होती। भंगहीन निरोध के लिए वैराग्य आवश्यक होता है। जैसे राग अन्तःकरण का धर्म होता है वैसे ही वैराग्य भी उसी का धर्म है। वैराग्य से दुःखनिवृत्ति होती है।

योगदर्शन में तीन प्रकार के दुःख बताये गए हैं- परिणाम दुःख, ताप दुःख व संस्कार दुःख।[3] राग से परिणाम दुःख होता है, द्वेष से ताप दुःख और सुख-दुःख के संस्कारों से संस्कार दुःख होते हैं। यद्यपि अज्ञानतावश मनुष्य इन दुःखों को भी सुख स्वरूप समझ लेते हैं जबकि विवेकी व्यक्ति के लिए सुख भी दुःख रूप ही होता है। यहाँ यह नहीं समझना चाहिए कि विवेकरहित प्राणी के लिए सब कुछ दुःख रूप नहीं होता। वस्तुतः सभी के लिए सब कुछ दुःख रूप ही है परन्तु विवेकी प्राणी उसे जान लेता है तथा अविवेकी उसे अनुभूत करता हुआ भी अविद्या, अज्ञानता के कारण उसे ठीक-ठीक नहीं समझ पाता।

व्यासभाष्य के अनुसार- **यथा चिकित्साशास्त्रं चतुर्व्यूहं - भवति रोगो रागहेतोरारोग्यं भैषज्यमिति, एवमिदमपि शास्त्रं चतुर्व्यूहमेव।** अर्थात् जैसे चिकित्साशास्त्र चार विभागों वाला होता है- रोग, रोग का कारण, निरोगता व निरोगता का कारण अर्थात् औषध। इसी प्रकार यह योगशास्त्र भी चार विभागों वाला है- संसार, संसार का कारण, मोक्ष व मोक्ष का उपाय। इनमें से दुखमय संसार हेय, प्रकृति-पुरुष का संयोग हेय का कारण, एतादृश संयोग की शाश्वतिक निवृत्ति मोक्ष (हान) तथा सम्यक् दर्शन ही हान का उपाय है।[4]

इस चतुर्व्यूहात्मक योगशास्त्र का प्रथम विभाग है- हेय। जहाँ साधनपाद के 15वें सूत्र के भाष्य में स्पष्ट रूप से संसार को ही हेय कहा है- **तत्र दुःखबहुलः संसारो हेयः।** वहीं 16वें सूत्र में हेय को परिभाषित करते हुए सूत्रकार कहते हैं- हेयं दुखमनागतम्।[5] अर्थात् भविष्यकालिक दुःख ही हेय है। इस सूत्र को स्पष्ट करते हुए भाष्यकार व्यास कहते हैं- **दुःखमतीतमुपभोगेनातिवाहितं न हेयपक्षे वर्तते वर्तमानं च स्वक्षणे भोगारूढ़मिति न तत्क्षणान्तरे हेयतामापद्यते तस्माद्यदेवानागतं दुःखं**

1. पातञ्जलयोगदर्शनम्, 1/13
2. वही 1/15
3. वही 2/15
4. वही 2/15 का व्यास भाष्य
5. वही 2/16

**तदेवाक्षिपात्रकल्पं योगिनं क्लिश्नाति, नेतरं प्रणिपत्तारम्। तदेव हेयतामापद्यते।**[1]

भाव यह है कि भोगे जा चुके अतीत दु:ख व भोगे जा रहे वर्तमान दु:ख की निवृत्ति पुरुषार्थ नहीं अपितु अनागत दु:ख की निवृत्ति ही पुरुषार्थ है।

राजमार्तण्डवृत्ति में भोजराज लिखते हैं कि **भूतस्यातिक्रान्तत्वादनुभूयमानस्य च त्यक्तुमशक्यत्वादनागतमेव संसारदु:खं हातव्यमित्युक्तं भवति।**[2]

अनागत दु:ख है कहाँ? इस सन्दर्भ में श्री ब्रह्मलीन मुनि कहते हैं कि संसार में जितने पदार्थ हैं वे सब अपनी शक्ति सहित हैं, शक्ति रहित नहीं। योगसूत्र के तृतीयपाद के 14वें सूत्र में भी सिद्ध किया गया है कि सत्कार्यवाद के अनुसार कारण में कार्योत्पत्ति की योग्यतानुसार शक्ति होती है जैसे मृत्तिका रूप कारण से चूर्ण, पिण्ड, घटादि कार्य उत्पन्न होते देखे जा सकते हैं। अत: अनुमान होता है कि मृत्तिका रूप कारण में उक्त चूर्णादि अनेक कार्यों की उत्पत्ति की योग्यतानुसार शक्ति होती है। इस नियम के अनुसार चित्त भी अनागत अवस्था वाले दु:ख रूप कार्य सहित ही हैं। यदि उस दु:ख की निवृत्ति पहले से ही न की जाए तो अवश्य उसको भोगना पड़ेगा। अत: अनागत दु:ख हेय है व उसकी निवृत्ति करना पुरुषार्थ है।

चतुर्व्यूहात्मक योगशास्त्र का द्वितीय विभाग है– हेयहेतु। पतंजलि के अनुसार– **द्रष्ट्रदृश्ययो: संयोगो हेयहेतु:।**[3] दृष्टा अर्थात् पुरुष व दृश्य अर्थात् बुद्धि पर आरूढ़ सभी धर्मों का संयोग ही हेयहेतु है अर्थात् दु:ख का कारण है। व्यास के अनुसार, **तयोर्दृग्दर्शनशक्त्योरनादिरर्थकृत: संयोगो हेयहेतुर्दु:खस्य कारणमित्यर्थ:।**[4] इन दोनों का सम्बंध अनादि कहा गया है। अनादि होने पर भी इस सम्बंध की निवृत्ति संभव है। संयोग रूपी कारण के हट जाने से दु:ख की शाश्वतिक निवृत्ति हो जाती है।

यह द्रष्टा-दृश्य संयोग कैसे होता है तो व्यास कहते हैं कि, **द्रष्टा बुद्धे: प्रतिसंवेदी पुरुष:।** अर्थात् द्रष्टा या पुरुष बुद्धि का प्रतिसंवेदी होता है। बुद्धि पुरुष की छाया से युक्त होकर चेतनवती सी हो जाती है तथा इन्द्रियों द्वारा प्रदत्त सामग्रियों को ग्रहण करके विषयाकाराकारित हो जाती है। विषयकाराकारित होना बुद्धि का संवेदन है या बुद्धि वृत्ति है। इस वृत्ति को अस्मिता रूपी पुरुष अपनाता है। इसे पौरुषेय बोध कहते हैं। पुरुष के द्वारा संवेदन को अपनाया जाना कहने मात्र को होता है इसलिए ही उसे द्रष्टा या साक्षी कहा जाता है। जैसे जपाकुसुम का लाल रंग स्फटिक मणि में प्रतिबिम्बित होता है। स्फटिक मणि में लाल रंग का सम्पर्क कहने मात्र को ही होता है। प्रश्न यह उठता है कि– पुरुष तो उदासीन है व सुख दु:खादि बुद्धिसत्व के

1. पातञ्जलयोगदर्शनम्, 2/16 का व्यास भाष्य
2. राजमार्तण्डवृत्ति, पृ0 37
3. पातञ्जलयोगदर्शनम्, 2/17
4. वही 2/17 का व्यास भाष्य

धर्म है तथापि जिस समय सुखदुःखादि बुद्धि में उत्पन्न होते है, उस समय पुरुष का प्रतिबिम्ब बुद्धिसत्व में पड़ता है तथा बुद्धिसत्व रूप उपाधिगत सुख-दुखादि पुरुष के प्रतिबिम्ब में भासते हैं व पुरुष निज प्रतिबिम्ब को अपना स्वरूप समझता है तथा सुख-दुखादि को अपने में मानता है। यही उस पुरुष का भोग है। वस्तुतः दुखादि का अनुभविता पुरुष नहीं है। दुःख देने वाले रजोगुण का दुःखप्राप्तिकर्त्ता सत्त्व गुण है। पुरुष तो परिणामशून्य व निष्क्रिय है परन्तु बुद्धिसत्व के दुःखी होने पर उसके आकार को आत्मसात् करने वाला प्रतिसंवेदी पुरुष दुःखानुभव से उपरक्त होकर बुद्धि के पीछे-पीछे अनुतप्त सा बना रहता है। इसी हेयहेतु के क्रम में सूत्रद्वय में दृश्य का स्वरूप स्पष्ट किया गया है-

**प्रकाशक्रियास्थितिशीलं भूतेन्द्रियात्मकं भोगापवर्गार्थं दृश्यम्**[1]

प्रकाश, क्रिया व स्थितिशील अर्थात् सत्त्व, रजस व तमस गुण ही दृश्य है। जिनका रूप भूतेन्द्रियात्मक होता है तथा जो पुरुष के लिए भोग व अपवर्ग नामक प्रयोजनों को सिद्ध करते हैं। मूल प्रकृति व उसके समस्त विकार त्रिगुणात्मक ही हैं, जो संघातात्मक होने के कारण परार्थ ही होता है अर्थात् पुरुष को भोग व अपवर्ग प्रदान करने वाला यह दृश्य ही है। ये भोग व अपवर्ग रूप ज्ञान बुद्धि के द्वारा की गई क्रियाओं से उत्पन्न होते हैं और बुद्धिनिष्ठ ही रहते हैं। जीव अपनी अविद्या के कारण अपने को अस्मितारूप मानता हुआ उस भोगापवर्ग को आत्मनिष्ठ समझता है। वस्तुतः भोग व अपवर्ग पुरुष निष्ठ कभी नहीं होते। अगले सूत्र में द्रष्टा के स्वरूप का निश्चय करने हेतु कहा गया है- **द्रष्टा दृशिमात्रः शुद्धोरपि प्रत्ययानुपश्य**[2] अर्थात् द्रष्टा चेतनमात्र तथा शुद्ध होने पर भी बुद्धि के ज्ञान का अनुद्रष्टा (प्रतिसंवेदी) होता है। सांख्ययोग में द्रष्टा को 'ज्ञ' नामक शक्ति, साक्षी अथवा पुरुष भी कहा गया है। बुद्धि का प्रतिसंवेदन करने वाला पुरुष न तो बुद्धि के समान रूप वाला होता है और न अत्यन्त असमान रूप वाला। समान रूप वाला इसलिए नहीं है क्योंकि बुद्धि कभी ज्ञात व कभी अज्ञात विषयों वाली होने के कारण परिणामिनी होती है जबकि पुरुष सदाज्ञातविषय वाला होता है। बुद्धि परार्थ व पुरुष स्वार्थ होता है। बुद्धि त्रिगुणात्मिका व पुरुष त्रिगुणातीत होता है, बुद्धि अचेतन व पुरुष चेतन होता है। इतना अन्तर होते हुए भी कतिपय सन्दर्भों में पुरुष प्रकृति से विपरीत रूप वाला भी नहीं है। अपरिणामी व निष्क्रिय होने पर भी बुद्धि ज्ञान का प्रतिसंवेदन करता है तथा वृत्तियों से ग्रसित होकर सुखदुःखादि का भोक्ता बनकर कभी सुखी व कभी दुःखी होता है।

यह द्रष्टा-दृश्य संयोग हेयहेतु है जो अनादि होते हुए भी नित्य नहीं क्योंकि

1. पातञ्जलयोगदर्शनम् 2/18
2. वही 2/20

इसकी शाश्वतिक निवृत्ति संभव है। एक पुरुष के प्रति भोग व अपवर्ग को सम्पादित कर चुकने के पश्चात् भी दृश्य नष्ट नहीं होता क्योंकि मुक्त पुरुष के प्रति नष्ट होने पर भी अन्य पुरुषों के द्वारा समान रूप से धारण किए जाने के कारण दृश्य तत्त्व नष्ट नहीं होता है। गणित का भी सार्वभौम सिद्धांत है, कि अनन्त संख्या से किसी संख्या को घटाने पर भी उस अनन्तत्व की समाप्ति नहीं होती। यही बात इस श्रुति से भी सिद्ध है– **पूर्णम स्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते।**

इस द्रष्टादृश्य संयोग के स्वरूप का आधायक सूत्र है–

**स्वस्वामिशक्त्योः स्वरूपोपलब्धिहेतुः संयोगः।**[1]

स्वामी अर्थात् पुरुष, स्व अर्थात् दृश्य से दर्शन के लिए संयुक्त होता है। अतः इस संयोग से जो दृश्य का ज्ञान होता है वह भोग है और जो द्रष्टा के स्वरूप का ज्ञान होता है वह अपवर्ग है।

चतुर्व्यूहात्मक योगशास्त्र का तृतीय व्यूह है– हान अर्थात् मोक्ष। हेयहेतु संयोग है तथा संयोग का हेतु अविद्या है– **तस्य हेतुरविद्या।**[2] इस अविद्या के नाश से बुद्धि व पुरुष के संयोग का नाश होता है अर्थात् बन्धन की सर्वथा निवृत्ति हो जाती है। दुःख के कारण की अर्थात् द्रष्टादृश्यसंयोग की निवृत्ति हो जाने पर दुःख की निवृत्ति हो जाना हान है। इसी को पुरुष का कैवल्य या मोक्ष कहा गया है। सूत्रकार के अनुसार–

**तदभावात् संयोगाभावो हानं, तद् दृशेः कैवल्यम्।**[3]

वास्तव में मोक्ष नाम की कोई नई स्थिति नहीं है बल्कि बन्ध या संयोग का न रहना ही मोक्ष कहा गया है। यहाँ सिद्ध होता है कि बुद्धि के दो कार्य हैं– भोग व मोक्ष। विवेकख्याति होने के पूर्व तक केवल भोग का सम्पादन होता है। विवेकख्याति होने पर अपवर्ग नामक पुरुषार्थ की सिद्धि हो जाने पर बुद्धि कृतकृत्य हो जाती है अर्थात् अज्ञाननिवृत्ति हो जाने पर पुरुष का संयोग भी निवृत्त हो जाता है। यही पुरुष का मोक्ष कहा गया है। स्पष्ट है कि यह विवेकख्याति ही हानोपाय है। चतुर्थ व्यूह अर्थात् मोक्षोपाय का आधायक सूत्र है–

**विवेकख्यातिरविक्लवा हानोपायः।**[4]

अर्थात् सत्त्वात्मक बुद्धि व पुरुष की भिन्नता का बोध ही विवेकख्याति है। यह विवेकख्याति मिथ्याज्ञान शून्य होनी चाहिए। मिथ्याज्ञान या दग्धबीज भाव हो जाना अर्थात् फिर से व्युत्थानज्ञान रूपी अंकुर उत्पन्न न होना ही मोक्ष का मार्ग या हान

1. पातञ्जलयोगदर्शनम् 2/23
2. वही 2/24
3. वही 2/25
4. वही 2/26

का उपाय है। यह विवेकख्याति रूप हानोपाय बिना साधन के सिद्ध नहीं होते इसलिए योगांगों का अनुष्ठान करना चाहिए।

**योगांगानुष्ठानादशुद्धिक्षये ज्ञानदीप्तिराविवेकख्यातेः।**[1]

ये अष्टांगयोग हैं-

**यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानसमाधयोऽष्टावगांनि।**[2]

ये योगांग ही अभ्यास व वैराग्य का आधार हैं, जिससे चित्तवृत्तिनिरोध रूप योग की सिद्धि होती है।

वस्तुतः शुद्ध दार्शनिक रूप में योगशास्त्र चतुर्व्यूहात्मक ही है। अष्टांग योगादि साधन योग का व्यावहारिक पक्ष है।

* * *

1. पातञ्जलयोगदर्शनम् 2/28
2. वही 2/29

UGC- CARE Listed **शोधप्रभा**
**अक्टूबर-दिसम्बर, 2020** वर्ष : 45, चतुर्थोऽङ्कः

# न्यायमंजरी में बौद्ध सम्मत सविकल्पक प्रत्यक्ष का विचार

**डॉ० अनीता राजपाल***

भारतीय दार्शनिक सम्प्रदायों में प्रत्यक्ष दो प्रकार का स्वीकार किया गया है- निर्विकल्पक और सविकल्पक। "इन्द्रिय का अर्थ से सन्निकर्ष होने पर जो नाम, जाति आदि की योजना से रहित वस्तुमात्र को प्रकट करने वाला 'यह कुछ है' इस प्रकार का ज्ञान होता है, उसे निर्विकल्पक प्रत्यक्ष कहा जाता है। इस निर्विकल्पक प्रत्यक्ष के पश्चात् जो नाम, जाति आदि सहित 'यह ब्राह्मण है', 'यह श्याम है' इस प्रकार, का विशेषण-विशेष्य विषयक ज्ञान होता है वह सविकल्पक प्रत्यक्ष कहलाता है।"[1] न्याय-वैशेषिक में दोनों प्रकार का प्रत्यक्ष स्वीकार किया गया है।

बौद्धदर्शन में भी निर्विकल्पक और सविकल्पक दोनों प्रकार का ज्ञान माना गया है। किन्तु न्याय दर्शन से अन्तर यह है कि बौद्धदर्शन में केवल निर्विकल्पक को ही प्रत्यक्ष माना गया है, सविकल्पक को नहीं। जब हम नेत्र आदि इन्द्रिय के द्वारा 'नील' आदि का साक्षात्कार करते हैं तो यही ज्ञान साक्षात्कारी ज्ञान है, प्रत्यक्ष है। इसमें नाम आदि कल्पनाओं का सम्बन्ध नहीं होता। नील का आभास तो होता है, पर इस रूप में नहीं कि 'यह नील है'। इसलिए इस ज्ञान को निर्विकल्पक (="कल्पनाऽपोढ") ज्ञान कहते हैं। किन्तु इसके अनन्तर विकल्पात्मक=सविकल्पक=निश्चायक ज्ञान होता है, जिसका स्वरूप है-'यह नील है' इत्यादि। इस सविकल्पक ज्ञान का ग्रहण अनुमान प्रमाण से होता है।

बौद्धदर्शन सविकल्पक ज्ञान को प्रत्यक्ष मानने का खण्डन करता है। बौद्ध दर्शन में प्रदत्त युक्तियों को जयन्त भट्ट ने पूर्वपक्ष के रूप में प्रस्तुत किया है। न्यायशास्त्र की प्रवृत्ति पदार्थों के लक्षण-परीक्षण की है। इस परीक्षण हेतु अन्य दर्शन के सिद्धान्तों का पूर्वपक्ष के रूप में उपस्थापन किया जाता है। इस प्रवृत्ति से शास्त्र समृद्ध होता है, सिद्धान्त स्थापित होते हैं। जयन्त भट्ट ने पूर्वपक्ष के रूप में बौद्धों के सिद्धान्तों को निष्पक्ष से सरल भाषा तथा व्याख्यात्मक शैली में इतनी कुशलता से

*एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृत-विभाग, हिन्दू-महाविद्यालय, दिल्ली-विश्वविद्यालय, दिल्ली-110007

1. तर्कभाषा सं. बदरीनाथ शुक्ल, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, 2004, पृ. 70-71

प्रस्तुत किया है कि उनके आचार्यों के ग्रन्थों में भी प्रतिपादन की ऐसी शैली देखने को नहीं मिलती। इसीलिए प्रस्तुत शोध-पत्र में जयन्त भट्ट कृत न्यायमंजरी के आधार पर सविकल्पक प्रत्यक्ष को न मानने वाले बौद्ध मत को प्रस्तुत किया गया है।

### प्रत्यक्ष-लक्षण

दिङ्नाग ने प्रत्यक्ष का लक्षण किया है-"कल्पनापोढम्" किया है। धर्मकीर्ति ने इसको परिष्कृत करते हुए इसमें "अभ्रान्तम्" पद और जोड दिया है। "कल्पनापोढमभ्रान्तम्"[1] कल्पना से अपोढ=रहित भ्रम भिन्न ज्ञान प्रत्यक्ष है।

### 'कल्पनापोढ' पद का अर्थ

कल्पना का लक्षण है-"अभिलाप संसर्ग योग्यार्थ प्रतिभास (प्रतीति) कल्पना है। अभिलप्यते अनेन इति अभिलाप शब्द हैं। अर्थात् जिस शब्द के द्वारा अर्थ का अभिधान किया जाता है, वह अभिलाप कहलाता है। उससे संसर्ग=सम्बन्ध अभिलाप संसर्ग है। कोई प्रतीति वाचक शब्द से सम्पृक्त आकार वाली होती है और कोई प्रतीति वाचक शब्द से सम्पृक्त नहीं होती। तथापि उसका आभास (आकार) वाचक शब्द के संसर्ग योग्य होता है। जैसे शब्द और अर्थ के सम्बन्ध को न जानने वाले बालक की कल्पना। बालक जब तक स्तन की पूर्वोपलब्ध स्तन के साथ एकता को नहीं ग्रहण करता है, तब तक स्तन को मुख में नहीं डालता है। वह विकल्प प्रतीति शब्दसंसर्ग के अभाव होने पर भी शब्द संसर्ग योग्य है। उस बाल्य विकल्प प्रतीति में विकल्प लक्षण संगति के लिए लक्षण के 'योग्य' पद का ग्रहण किया गया।"

वाचस्पति मिश्र ने न्यायकणिका में स्पष्ट करते हुए कहा है कि "वह वस्तु शब्द के संसर्ग से युक्त (संपृक्त) होती है, जिसमें शब्द का संकेत किया जाता है। ऐसी वस्तु वही है जो देश, काल एवं अवस्था से अनुगत प्रतीत होती है। परमार्थसत् जो स्वलक्षण है वह तो देश, काल, अवस्था से अनुगत नहीं हो सकता। जाति इत्यादि भी परमार्थसत् हो नहीं सकती क्योंकि वह विचार करने पर छिन्न-भिन्न हो जाती है। इसलिए जो ज्ञान आकार या मिथ्यावस्तु बाह्य रूप में प्रतीत होती है, उसमें शब्द का संकेत है और वही शब्द-संसर्ग के योग्य है तथा शब्द-संकेत को जानने वाले (व्युत्पन्न) जनों को जो वाचक शब्द के संसर्ग सहित प्रतीति होती है, वह कल्पना है।"[2]

### कल्पना के अप्रामाण्य का विचार

#### (1) विकल्प ज्ञान स्वलक्षण से उत्पन्न नहीं होता

इस विकल्प प्रतीति को किस दोष से बौद्ध प्रमाण नहीं मानता है? इस विकल्प

---

1. न्यायबिन्दु, 1.5, न्यायबिन्दुटीका, का. 5. तुलनीय न्यायवार्त्तिकतात्पर्यटीका, 1.13
2. न्यायकणिका, सं. महाप्रभुलाल गोस्वामी, तारा पब्लिकेशन्स, वाराणसी, 1978, पृ. 184-186

को प्रमाण मानने में दोष यह है कि वह अभिलाप संसर्ग योग्य प्रतिभास है। उक्त प्रतीति, विकल्पारूपा अप्रमाण है शब्दसंसर्गयोग्यार्थप्रतिभासत्वात्। तत्त्व (स्वलक्षण) तो असदर्थ विषय परित्यागपूर्वक होता है। शब्दार्थ असद् है। स्वलक्षण को विषय नहीं कर सकता हैं क्योंकि वह स्वलक्षण सजातीयेतर व्यावृत्त होता हैं शब्द अर्थ के साथ सम्बन्धाधिगम सापेक्ष होता है। स्वलक्षण से अतिरिक्त विषय की उपलब्धि नहीं हो सकती।

**(2) इन्द्रियार्थसन्निकर्ष के बिना भी कल्पना बुद्धि उत्पन्न होती है–**

इन्द्रिय और अर्थ के सन्निकर्ष के होने पर ही ज्ञान होता है–अन्वय ("तत्सत्त्वे तत्सत्त्वम्"), इन्द्रियार्थ सन्निकर्ष के बिना वह ज्ञान नहीं होता–व्यतिरेक ("तदभावे तदभावः") इस प्रकार इन्द्रियार्थसन्निकर्ष के अन्वयव्यतिरेक के आधार पर साक्षात्कारी ज्ञान (निर्विकल्पक प्रत्यक्ष) उत्पन्न होता है। परन्तु कल्पना बुद्धि इन्द्रियार्थ सन्निकर्ष के बिना भी उत्पन्न हो जाती है। दूसरे, इन्द्रियार्थसन्निकर्ष के सद्भाव में भी पूर्वानुभूत शब्द एवं तद्वाच्यता का ज्ञान न रहने पर शब्दार्थ बुद्धि नहीं होती हैं।

**शंका** – यदि इन्द्रियार्थसन्निकर्ष जनक है तो वहाँ प्रथम ही क्यों नहीं शब्द बुद्धि हो जाती है? अर्थात् यदि नैयायिक यह कहें कि जिस इन्द्रिय से निर्विकल्पक प्रत्यक्ष उत्पन्न होता है वही इन्द्रिय स्मरण की सहायता से सविकल्पक ज्ञान को भी उत्पन्न करती है। न्याय मतानुसार सविकल्पक ज्ञान का अंग होने के कारण स्मरण उसका सहायक है न कि व्यवधायक।

**समाधान** – इस संका का समाधान जयन्त भट्ट धर्मकीर्त्ति के वचनों को उद्धृत करते हुए कहते हैं–

**यः प्रागजनको बुद्धेरुपयोगो विशेषतः।**
**स पश्चादपि तेन स्यादर्थाभावेऽपि नेत्रधीः॥**[1]

अर्थात् जो अर्थ प्रथम सन्निकर्ष काल में सविकल्पक प्रत्यय का जनक नहीं है वह पश्चात् भी जनक नही हो सकता और इन्द्रियार्थ सन्निकर्ष के होने पर भी स्मृति से ही व्यवहित हो उठेगा। अभिप्राय यह है कि इन्द्रियार्थसन्निकर्ष से उत्पन्न विकल्प ज्ञान का प्रत्यक्ष में अप्रामाण्य इसलिए भी है कि निर्विकल्पक प्रत्यक्ष होने के बाद शब्द का स्मरण होता है तब स्मरण से इन्द्रिय का व्यापार बाधित हो जाता है और बाधित व्यापार वाली इन्द्रिय एवं अर्थ के सन्निकर्ष से सविकल्पक ज्ञान की उत्पत्ति नहीं हो सकती।

धर्मकीर्ति ने भी कहा है कि "अर्थ से सन्निकर्ष होने के पश्चात् प्रत्यक्ष ज्ञान

1. प्रमाणविनिश्चय, पृ. 42

स्मृति से उत्पन्न होने वाली शब्दयोजना की अपेक्षा रखता है तो उस अर्थ तथा इन्द्रिय के बीच व्यवधान हो जाएगा।[1]

यदि कहें कि अक्षेन्द्रिय संकेत स्मरणात्मक सहकारी की अपेक्षा रखकर उस सविकल्पक बुद्धि को उत्पन्न करती है तो ऐसा नहीं कहा जा सकता है क्योंकि अतिरिक्त सहकारी की अपेक्षा होती है या नहीं यह विकल्प उठाकर सहकारिकारण का निरास कर दिया गया है।

**(3) विशेषण-विशेष्यभाव से युक्त विकल्प में प्रत्यक्ष का अप्रामाण्य**

'यह दण्डी है' इत्यादि सविकल्पक बुद्धि इन्द्रियार्थ होते हुए ही नहीं है क्योंकि उसमें लम्बी प्रक्रिया की अपेक्षा होती है। जैसा कि धर्मकीर्त्ति ने कहा है-

**विशेषणं विशेष्यञ्च सम्बन्धं लौकिकीं स्थितिम्।**
**गृहीत्वा सकलञ्चैतत्तथा प्रत्येति नान्यथेति ॥**[2]

इस कारिका की व्याख्या करते हुए 'वार्तिकालंकार' का कथन है 'यह दण्डी है' इस प्रतीति में प्रथम विशेषण (दण्ड) विशेष्य (पुरुष), पुनः उनका संयोग सम्बन्ध तथा उस शब्द के प्रयोग की लौकिक स्थिति (उस शब्द का समाज में किस अर्थ में प्रयोग होता है), इन सब का ग्रहण होने के बाद सविकल्पक ज्ञान होता है। इस प्रकार यह विकल्प ज्ञान बहुक्रिया सापेक्ष होने से अप्रामाणिक है।

**(4) प्रत्यक्ष में शब्द कल्पना का निराकरण**

"संकेत और पदार्थ स्मरण उपाय के अनन्तर जायमान दृष्ट का संकलनात्मक ज्ञान चाक्षुष नहीं हो सकता है। वह पूर्वापर परामर्श से शून्य विकल्प ही है।"

'प्रमाणवार्त्तिकालङ्कार' कार ने इस कारिका की व्याख्या करते हुए कहा है- "अयं गौः" इस संकेत का अर्थ होता है कि 'अयं गोशब्दवाच्यः' है। वाचक शब्द का वाच्य अर्थ के साथ सम्बन्ध उपस्थापित करना ही संकेत कहलाता है। गो शब्द का यह वाच्य है, इसका यह अर्थ है गोशब्द के वाच्य से इस अर्थ कीक प्रतीति होगी। गोशब्द का वाच्यार्थ पूर्वापर परामर्श से युक्त होता है। पूर्वापर की कल्पना सकृदवभासी स्वलक्षण में सम्भव नहीं। अतः प्रत्यक्ष ज्ञान के विषयीभूत स्वलक्षणतत्त्व में वाचक शब्द की योजना सम्भव नहीं। उसका कारण यह है कि इन्द्रियों की वृत्ति केवल वर्तमानकाल को ही विषय करती है अतीत और अनागत को नहीं। अतः अक्षाश्रित प्रत्यक्षज्ञान अक्षव्यापार की सीमा का अतिक्रमण नहीं कर सकता।"[3]

---

1. न्यायमंजरी, पृ. 142
2. प्रमाणवर्त्तिक 'अलंकार', 2.145
3. प्रमाणवर्त्तिक 'अलंकार', 2.174

## (5.6.) विकल्पों का द्वैविध्य एवं कल्पनाओं का अर्थ को स्पर्श न करना

यदि आप कहें बौद्धों के मत में दो प्रकार के विकल्प ज्ञात होते हैं। एक तो केवल मनोरथजन्य, दूसरा इदन्ताग्राही। पहले में हम नैयायिकों का भी प्रामाण्य में आग्रह नहीं है परन्तु दूसरा अर्थ के बिना उत्पन्न न होने के कारण इस विकल्प में प्रामाण्य होना चाहिए। नीलमिदमित्यादि प्रतीति अर्थ के बिना उत्पन्न नहीं होती। अतः इदन्ताग्राही प्रतीतियों का विकल्पों में प्रामाण्य होना चाहिए। तो नैयायिकों का यह कहना युक्ति संगत नहीं है क्योंकि ये जितने विकल्प हैं वे परमार्थ (स्वलक्षण) वस्तु का स्पर्श भी नहीं करते हैं। वह परमार्थ तो एक निर्विकल्पक प्रत्यक्ष से ही सर्वात्मना परिच्छिन्न हो जाता है। उसके परिच्छेद के लिए प्रमाणान्तर की कोई अपेक्षा नहीं है। जैसा कि प्रमाणवार्तिक में कहा है–

**"एकस्यार्थस्वभावस्य प्रत्यक्षस्य सतः स्वयम्।**
**कोऽन्यो न दृष्यो भागः स्याद् यः प्रमाणैः परीक्ष्यते॥"[1]**

अर्थात् "एक (निर्विभाग) स्वलक्षण निर्विकल्पक प्रत्यक्ष के रहने पर वस्तु का कौन सा भाग दृष्ट नहीं रह जाता है, जिसके लिए प्रमाणान्तर की अपेक्षा हो।"

किन्हीं विकल्पों में जो इदन्ताग्राहित्व स्पष्टत्वादि दिखाई देता है। वह तो तदर्थों के साथ अविनाभावि निर्विकल्पक दर्शन के पृष्ठभावि होने से होता है। वस्तुतः उन विकल्पों का भी अर्थ के साथ कोई संस्पर्श नहीं होता है। अतः उक्त प्रत्यक्ष लक्षण में कल्पनापोढ यह विशेषण देना आवश्यक है। अभ्रान्तविशेषण तो उभय सम्मत है। शान्तरक्षित ने भी कहा है–

**"प्रत्यक्षं कल्पनापोढमभ्रान्तमभिलापिनी।**
**प्रतीतिः कल्पना क्लृप्तिहेतुत्वादिका न तु॥"[2]**

बौद्धों के मत में शब्दार्थ के विकल्पों की रचना साक्षात् शब्द से होती हैं परन्तु शब्द और अर्थ में समवाय सम्बन्ध न होकर कार्यकारण सम्बन्ध होता है और शब्द न अर्थ का स्पर्श करते है और न अर्थ का प्रकाश ही। शब्द और अर्थ एक तथा तद्रूप भी नहीं होते। इसीलिए शब्द से किसी अर्थ की उपलब्धि नहीं होती है। शब्द किसी अर्थ का विधान नहीं करते, अर्थ का निषेध करते हैं।

### कल्पना का स्वरूप एवं उसके भेद

शान्तरक्षित ने कल्पना का स्वरूप "अभिलापिनी प्रतीतिः"[3] निर्धारित किया है।

1. प्रमाणवार्त्तिक, 3.42
2. तत्त्वसंग्रह, 1214
3. तत्त्वसंग्रह, 1214

धर्मकीर्ति ने इसमें योग्यत्व का निवेश कर दिया है।[1] इस कल्पना से रहित अविसंवादि ज्ञान प्रत्यक्ष है जो प्रत्यक्ष है वह निर्विकल्पक (सकल विकल्प से रहित) ही होता है। कल्पना अपोढ का अर्थ है-कल्पना रहित। कल्पना ज्ञान के साथ नामजात्यादि की योजना है।

## कल्पना के भेद

कल्पना पाँच प्रकार की कही गयी है। जाति कल्पना, गुण कल्पना, क्रिया कल्पना, नाम कल्पना और द्रव्य कल्पना। गौरिति जाति कल्पना (योजना), शुक्ल इति गुण कल्पना, गच्छति, चल इत्यादि क्रिया कल्पना, देवदत्तः डित्थः इत्यादि नाम कल्पना, दण्डीत्यादि द्रव्य कल्पना देवदत्तः, दण्डी, कुण्डली, अङ्गदी, मनुष्यः, गौरः, चलः, शुक्लः इत्यादि प्रत्यय पञ्च जात्यादि की योजना से विकल्प है। जाति, गुण, क्रिया आदि के योग के बिना वह भाव अभिलाप शब्द से कथन के योग्य नहीं हो सकता है। अतः अभिलाप प्रतीति कल्पना है। अभिलाप एवं अभिलप्यमान शब्द एवं अर्थ में अभिधानाभिधेय भाव संसर्ग होता है। इस सभी का एकत्र भाव में ज्ञानग्राह्याकारतया मेलन एकत्वापादन प्रतीति कल्पना है।

जयन्त भट्ट पञ्चविध कल्पना के स्वरूप को सरल तरीके से स्पष्ट करते हुए कहते हैं-

यह कल्पना (1) कहीं पर अभेद में भेद करके, कहीं पर भेद में अभेद कर होती है। जाति और व्यक्ति में परमार्थतः कोई भेद नहीं होता है। अपोह को ही इतरतैर्थिक जाति की देते हैं। उस अभेद के आरोप द्वारा जाति की कल्पना की जाती है। जाति एक (भाववाचक संज्ञा है) अमूर्त्त तत्त्व है, जो व्यक्ति में रहती है, जिसे व्यक्ति से पृथक् नहीं किया जा सकता। अभेद में भेद की कल्पना के द्वारा हम जाति-व्यक्ति को पृथक् समझ पाते हैं। जैसे गो का गोत्व अभेद है और गो में गोत्व है, यह भेद कल्पना है। जाति और व्यक्ति में घट पट के समान भेद दिखाई नहीं देता। यद्यपि भेद का व्यवहार किया जाता है तथापि दिखलाई नहीं देता। यही अभेद में भेद की कल्पना है। उस अभेद में गो का गोत्व है। यह भेद कल्पना है।

2. उसी तरह से गुण-गुणी में भी अभेद में भेद की कल्पना है। गुणी (द्रव्य) और गुण में कोई भेद नहीं है परन्तु विकल्पबुद्धि के द्वारा हम उनमें भेद की कल्पना कर लेते है।
3. इसी तरह से क्रिया-क्रियावान् में भी समझना चाहिए।
4. नाम कल्पना भी भेद में अभेदारोप की कल्पना ही है। जैसे 'यह देवदत्त है' यहाँ 'यह' शब्द 'देवदत्त' शब्द की ओर इंगित करता है और 'देवदत्त' अर्थ (व्यक्ति)

1. न्यायबिन्दु, 1.5

की ओर। देवदत्त यह शब्द पृथक् है और देवदत्त व्यक्ति अर्थ पृथक् है। इन दोनों में अभेद कर 'देवदत्तोऽयम्' यह कल्पना है।

5. इसी तरह द्रव्य कल्पना है। 'दण्डी देवदत्त' में भी दण्ड और देवदत्त दोनों भिन्न-भिन्न द्रव्य है, परन्तु हम इन दोनों (विशेषण-विशेष्य में) समानाधिकरण्य सम्बन्ध के कारण भेद में अभेद की कल्पना कर लेते है।[1]

## कल्पना का अभ्रान्तत्व एवं अप्रमाणत्व

**शंका**- यदि अभेद में भेद और भेद में अभेद का आरोप करती हुई कल्पना प्रवृत्त होती है तो कैसे यह भ्रान्ति नहीं है? जैसे सीपी में रजत के अभेद का आरोप करने वाला विपर्यय प्रत्यय होता हैं।

**समाधान**- जहाँ एक वस्तु में अन्य वस्तु की प्रतीति होती है, वहाँ बाधक प्रत्यय (भ्रान्ति) होता है। जैसे मरूमरीचिका में जलबुद्धि। कल्पना में तो जाति आदि में अन्य वस्तु नहीं है, क्योंकि ये अवस्थित एक विषय में ही कल्पित है। अतः व्यक्ति के उपलब्ध हो जाने से बाधित एवं भ्रान्त नहीं है। शुक्ति रजत की तरह नहीं है।

कल्पना का अप्रमाणत्व इसलिए है कि इसमें प्रतीयमान जात्यादि अपारमार्थिक है। अतः कल्पना ज्ञान अप्रमाण है परन्तु भ्रान्ति नहीं है, अबाधित विषयक है।

## निष्कर्ष

इस प्रकार घटादि का जात्यादि के साथ योजना होने पर विकल्प ज्ञान होता है। जात्यादि योजना रहित अर्थात् अभिलाप योग्य से रहित अभ्रान्त ज्ञान निर्विकल्पक है उसका ग्राह्य स्वलक्षण है। यहीं प्रत्यक्ष ज्ञान है। सविकल्पक विभिन्न प्रकार की कल्पनाओं से युक्त होने के कारण प्रत्यक्ष नहीं है। इस प्रकार जयन्त भट्ट ने सविकल्पक को प्रत्यक्ष न मानने वाले बौद्ध मत को पूर्वपक्ष के रूप में प्रस्तुत किया है।

* * *

---

1. न्यायमंजरी सं. वरदाचार्य, मैसूर, 1969, पृ. 144

UGC- CARE Listed
अक्टूबर-दिसम्बर, 2020

शोधप्रभा
वर्ष : 45, चतुर्थोऽङ्कः

# संस्कृत-पालि भाषाओं में नामधातुओं का स्वरूप
## (बौद्ध व्याकरण सम्प्रदाय के परिप्रेक्ष्य में)

श्री सुनील जोशी*

पालि भाषा भारत की अत्यन्त समृद्ध भाषा रही है। जनमानस में व्याप्त अत्यन्त दुःखों से वियुक्ति हेतु तथा माङ्गल्ययुक्ति निमित्त भगवान् बुद्ध ने अपना सुविशालयकाय उपदेशामृत पालि भाषा में देकर भारतीय संस्कृति के गौरव को विश्वभर में प्रसृत किया है। भगवान् बुद्ध के महापरिनिर्वाण के अनन्तर सम्पन्न धम्म-संगीतियों के माध्यम से बुद्धवाणी का संगायन और संकलन आदर्शतया किया गया, जो त्रिपिटक के रूप में हमें उपलब्ध है और हमारी भारतीय दर्शन, साहित्य और कला का अभिन्न अङ्ग भी है। त्रिपिटक के अन्तर्गत विनयपिटक, सुत्तपिटक और अभिधम्मपिटक है। उपर्युक्त साहित्य के अतिरिक्त पालिभाषा में अनेकविध साहित्य भी दृग्गोचर होता है। जिसके अन्तर्गत अलंकार, छन्द, वंस (इतिहास) इत्यादि प्रचुरतरतया विद्यमान है, यही नहीं भाषा की श्रीवृद्धि और अनुशासन करने वाला व्याकरण भी पालिभाषा में प्राप्त होता है, जो संस्कृतभाषा की भांति पालि भाषा की शुद्धता, वैज्ञानिकता और सुसंगठितता को प्रतिपादित करता है। अतः पालि व्याकरण की सुदीर्घ परम्परा को हृदयङ्गम करने के लिए संस्कृत व्याकरण परम्परा का ज्ञान परमावश्यक है। संस्कृत के प्रभाव से आच्छादित पालि ने जब साहित्य में प्रतिष्ठा पाई तो इसका वाङ्‌यम अनेक शाखावान् बनकर पल्लवित हुआ और स्थविरवादी देशों ने शास्त्रीय भाषा के रूप में इसे स्वीकार कर प्रसारित किया। भारतीय आर्यभाषा ने जिन परिवर्तनों के द्वारा अपने मध्यकाल में प्रवेश किया था, वे पूर्णतया पालि में प्राप्त होते हैं। प्राचीन आर्यभाषा में सन्ध्यक्षरों का लोप, बलाघात के स्थान पर स्वराघात का प्रयोग, श-ब-स के स्थान पर केवल 'स' का प्रयोग, स्वरों के मात्राकाल में निश्चित नियमों का अनुसरण, संयुक्त व्यञ्जनों का साधारणतया समीकरण, संयुक्त व्यञ्जनों के मध्य स्वर सन्निवेश, ऋ स्वर का अ-इ-उ-ए आदि में परिवर्तन, लृ स्वर का उ में परिवर्तन, स्वराघात के कारण स्वर परिवर्तन, सम्प्रसारण, अक्षरसंकोच, स्वर विपर्यय,

* शोधार्थी, संस्कृतविभाग, कला संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

व्यञ्जन परिवर्तन आदि अनेक प्रयोग पालिभाषा में होते चले गए जो कि अब एक नई व्याकरणिक और साहित्यिक विकासयात्रा की ओर उन्मुख थे। पालि भाषा विषयक कच्चान व्याकरण के प्रयोजन को इस प्रकार बताया गया है–

**सेय्यं जिनेरितनयेन बुधा लभन्ति, तञ्चापि तस्स वचनत्थसुबोधनेन।**
**अत्थञ्च अक्खरपदेसु अमोध्भावा, सेय्यत्थिको पदयतो विविधं सुणेय्य।।**

–क.व्या.गा. 2, पि.

पालि के सुदीर्घ व्याकरण को 'सुद्दानुसासनं' कहा गया है, यह शब्दानुशासन को द्योतित करता है। अत्यन्त समृद्ध और परिपूर्ण अवस्था में प्राप्य पालिभाषा में पाँच व्याकरण सम्प्रदायों का उल्लेख मिलता है–

1. कच्चान व्याकरणम् (कच्चायन व्याकरण)
2. बोधिसत्त व्याकरणम् (बोधिसत्व व्याकरण)
3. सब्बगुणाकर व्याकरणम् (सर्वगुणाकर व्याकरण)
4. मोग्गलान व्याकरणम् (मौद्गल्यायन व्याकरण)
5. सद्दनीति व्याकरणम् (शब्दनीति व्याकरण)

भिक्षु सत्यपाल ने इस कच्चान व्याकरण लेखन का प्रयोजन इस प्रकार उद्दिष्ट किया है – MahaKaccaYana composed aphorisms (Sutta) guiding the use of the language of the Buddha, neither for the Buddha, nor for himself and also nor for other Mahasavakas. He had composed for those monks who did not acquire mastery over the use of that language.[1]

उपर्युक्त पाँच व्याकरण सम्प्रदायों में अधुना कच्चान व्याकरण, मोग्गलान व्याकरण तथा सद्दनीति व्याकरण सम्प्रदाय बड़ी समृद्ध परम्परा में हमें दृष्टिगत होते हैं। कच्चान व्याकरण को कात्यायन व्याकरण भी कहा जाता है। इसका एक अपर नाम कच्चायन गन्धो (कात्यायन ग्रन्थ) भी प्राप्त होता है। इस व्याकरण के रचनाकार तथागत बोधिसत्व के प्रधान शिष्य (अग्रश्रावक) महाकच्चायन (महाकात्यायन) को माना जाता है। कच्चान व्याकरण के कर्ता के विषय में यद्यपि इदमित्थं रूप में कुछ भी कहना अत्यन्त कठिन प्रतीत होता है फिर भी अनेक परम्पराओं, स्रोतों और विद्वानों के मतानुसार सप्तम-शताब्दी में अवतीर्ण कच्चान (कच्चायन) को कच्चान व्याकरण का कर्ता मानना अधिक अभिष्ट सिद्ध होता है। पालि व्याकरण सम्प्रदायों में कच्चान व्याकरण सर्वप्राचीन है तथा विषयवस्तु की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। यह व्याकरण चार कप्पों (कल्पों) के अन्तर्गत तेईस परिच्छेदों में विभक्त है। इसके चार कप्पों में सन्धि कप्पो (सन्धि कल्प), नाम कप्पो (नाम कल्प), आख्यात कप्पो

1. कच्चायनन्यासो (पठमो भागो), डॉ. भिक्षु सत्यपाल, पृष्ठ – 63

(आख्यात कल्प) और किब्बिधान कप्पो (किब्बिधानकल्प) का अतिविशिष्ट विवेचन है। आख्यात कप्पो (आख्यात कल्प) में कुल चार कण्ड (काण्ड) प्राप्त होते हैं।

वैयाकरण महाकच्चायन ने आख्यात कप्पो की प्रस्तावना में लिखा है कि पालि इसके अन्तर्गत भाषाशास्त्री जो काण्डों में व्याकरण के नियमों को सीखने जा रहा है वह प्रकृतिजन्य ही है जैसे- व्याकरण ज्ञान से ही धीर और प्रज्ञावान् पुरुष बुद्धिरूपी नाव से क्रिया के सागर को पार करते हैं, क्योंकि धातुरूपीजल, विकरणागम तथा कालरूपी मत्स्य, लोपानुबन्धरूपी धाराएँ इस सागर से सम्बन्धित है।

**आख्यातसागरमथञ्जतनीतरङ्गं, धातुज्जलं विकरणागमकालमीनम् ।**
**लोपानुबन्धरयमत्थविभागतीरं, धीरा तरन्ति कविनो पुथुबुद्धिनावा ॥**

इस आख्यात कल्प के अन्तर्गत प्रथम कण्ड में अन्य भी सुन्दर उपमाओं से अलंकृत गाथाएँ प्रस्तुत की गई है पुनः उदाहरण स्वरूप-

**विचित्तसत्तरपरिक्खितं इमं, आख्यातसद्दं विपुलं असेसतो ।**
**पणम्य सम्बुद्धमनत्तगोचरं, सुगोचरं यं वदतो सुणाथ मे।**
**अधिकारे मले चेव निप्फले अवधारणे।**
**अनन्तरे चपादाने अथ सद्दो पवत्तति।**

कच्चान सूत्रों के आधार पर ही रचित प्रक्रियानुसारी ग्रन्थ 'रूपसिद्धि' में उल्लेख प्राप्त होता है कि कच्चान व्याकरण में सात काण्ड है-

**सन्धि नाम कारकं च, समासो तदितं तथा ।**
**आख्यातं कितकं कण्डा, सत्तिमे रूपसिद्धियं ॥**

महर्षि पाणिनि के व्याकरण-सूत्रात्मक अष्टाध्यायी ग्रन्थ में औपदेशिक और आतिदेशिक धातु प्रत्ययों का विधान है। पाणिनीय धातु में पाणिनी द्वारा पठित 1930 धातु, धातुपाठ में उपदिष्ट होने के कारण औपदेशिक हैं। इन औपदेशिक धातुओं की धातु संज्ञा 'भूवादयो धातवः'[1] सूत्र से होती है। आतिदेशिक धातुओं के सम्बन्ध में जानना चाहिए कि 'सन्-क्यच्-काम्यच्-क्यष्-क्यङ्-क्विप्-णिङ्-ईयङ्-णिच्-यक्-आय-यङ्' ये द्वादश सनादि प्रत्यय[2] जिसके अन्त में होते हैं, उस सनाद्यन्त समुदाय की धातुसंज्ञा 'सनाद्यन्ता धातवः'[3] इस सूत्र से होती है।[4] नामधातुओं के सम्बन्ध में अष्टाध्यायी के तीसरे अध्याय में 'क्यच्-काम्यच्-क्यङ्-क्विप्-क्यष्-णिङ्-णिच्' इन सात प्रत्ययों के सम्बन्ध में चौदह सूत्र कहे गए हैं। जो कि इस प्रकार हैं-

1. पाणिनि अष्टाध्यायी, सूत्र 1.3.1
2. सन्क्यच्काम्यच्क्यङ्क्यषोऽथाचारक्विब्णिज्यङो तथा। यगाय ईयङ् णिङ् चेति द्वादशमी सनादयः।।
3. पाणिनि अष्टाध्यायी, सूत्र 3.1.32
4. अष्टाध्यायी सहजबोध, द्वितीय भाग, पुष्पा दीक्षित, पृष्ठ- 88-89

(1) सुप. आत्मनः क्यच् 3.1.8, (2) काम्यच्च 3.1.9, (3) उपमानादाचारे 3.1.10, (4) कर्त्तुः क्यङ् सलोपश्च 3.1.11, (5) भृशादिभ्यो भुव्यच्वेर्लोपश्च हलः 3.1.12, (6) लोहितादिडाज्भ्यः क्यष् 3.1.13, (7) कष्टाय क्रमणे 3.1.14, (8) कर्मणो रोमन्थतपोभ्यां वर्त्तिचरोः 3.1.15, (9) वाष्पोष्मभ्यामुद्वमने 3.1.16, (10) शब्दवैरकहलाभ्रकण्वमेघेभ्यः 3.1.17, (11) सुखादिभ्यः कर्तृवेदनायाम् 3.1.18, (12) नमोवरिवाश्चेत्रङ् क्यच् 3.1.19, (13) पुच्छभाण्डचीवराण्णिङ् 3.1.20, (14) मुण्डमिश्रश्लक्ष्णलवणव्रवस्त्रलकलकृततूस्तेभ्योणिच् 3.1.21 । यह ध्यान रखना चाहिए कि 'क्यच्-काम्यच्-क्यष् और क्यङ्' ये चार प्रत्यय सदा प्रातिपदिकों से ही लगते हैं, अतः इनकी सदा आर्धधातुक संज्ञा कभी नहीं होती।

म. रंगाचार्या संशोधित परिष्कृत बौद्ध वैयाकरण धर्म कीर्ति विरचित रूपावतार ग्रन्थ में धातुप्रत्यय पञ्चिका के सुब्धातु परिच्छेद के अन्तर्गत नामधातुओं का विमर्श हमें प्राप्त होता है।[1] धर्मकीर्ति प्रारम्भ में वैदिक ब्राह्मण तथा बाद में बौद्ध हुए। धर्मकीर्ति विरचित प्रक्रिया ग्रन्थ रूपावतार का उत्तर भाग धातु प्रत्यय पञ्चिका है। रूपावतार की रचना अष्टाध्यायी प्रकरणक्रम का अनुसरण करती है। यही ग्रन्थ प्रक्रिया कौमुदी तथा सिद्धान्त कौमुदी आदि ग्रंथों का आधार है।[2]

आचार्य चन्द्रगोमिन् ने 'चान्द्रव्याकरण' नामक ग्रन्थ लिखा तथा उन्होंने स्वयं ही 'चन्द्रवृत्ति' नाम से उसकी व्याख्या की। बौद्ध वैयाकरण चन्द्रगोमिन् ने चान्द्रव्याकरणम्[3] नामक संस्कृत व्याकरण ग्रन्थ के प्रथम अध्याय के प्रथम पाद में नामधातु विषयक सोलह सूत्र दिए हैं - (1) व्याप्यात् काम्यच्, (2) ससंख्यादमः क्यच् वा (3) उपमानादाचारे (4) आधारात् (5) कर्तुर्विप् (6) गल्भ-क्लीब-होडेभ्यो ङित् (7) क्यङ् (8) च्व्यर्थे भृशादिभ्यः स्तलोपश्च (9) डाच् लोहितादिभ्यः क्यष् (10) कष्टकक्षसत्रगहनाय पापे क्रमणे (11) रोमन्थं वर्तयति हनुचाले (12) वाष्प-उष्मफेनमुद्वमति (13) सुखादीनि वेदयते (14) शब्दादीन् करोति (15) नमस्तपस्वरिवसः क्यच् (16) चित्रङः आश्चर्ये ।

पाली भाषा में भी नाम (संज्ञा) से तद्वत् आचरण करने में जो क्रियाएँ बनती हैं, वे नामधातु कहलाती हैं - जब उपमान कर्त्ता होता है तो - पब्बत (पर्वत) के समान हो जाना पब्बतायति, समुद्र के समान हो जाना समुद्दायति, धूम के समान हो जाना धूमायति। परन्तु जब उपमान कर्म होता है तो - पुत्रमिव आचरति शिष्यः

1. रूपावतारः द्वितीयः भागः, पृष्ठ 229-234
2. प्रक्रिया ग्रन्थ तथा व्याख्या सम्पत्ति अध्याय, संस्कृत वाङ्मय का बृहद् इतिहास, पृष्ठ-207
3. चान्द्रव्याकरणं नाम चन्द्रगोमिप्रवर्तितम् । चन्द्रवृत्तिसमाख्यां च व्याख्यामपि चकार सः।। 40।।
बालावबोधटीकां हि कृतवान् काश्यपो बुधः। भवेदल्पेन कालेन यथा बोधोऽल्पमेधसाम् ।। 41 ।।
अभिधानरत्नमाला, रामनयन तिवारी शास्त्री

–पुत्रीयति, पुत्त पुत्तीयति, छत्त – छत्तीयति। अपनी निजी इच्छा किसी वस्तु के प्राप्त करने के लिए होने पर इच्छार्थक धातु के कर्मभूत शब्द से उत्तर ईय होता है – अत्तनो पत्तं (पात्रं) इच्छति –पत्तीयति, अत्तनो वत्थं (वस्त्रं) इच्छति – वत्थीयति, चीवर–चीवरयति, पट–पटीयति, दळहं करोति दळयति, पमाणं करोति पमाणयति आदि।[1]

इसी प्रकार कच्चान व्याकरण के आख्यात कल्प के द्वितीय काण्ड में 'नामधातुओं' का सुन्दरतम प्रयोग भी प्रस्तुत किया गया है यथा पब्बतायति, समुद्दायति एवं अपुत्रं पुत्रमिव आचरति पुत्रीयति। तद्वत् आचरण व्यक्त करने के अर्थ में नामधातु प्रक्रिया जानी जाती है। सुबन्त के बाद ये नामधातु प्रत्यय जोड़कर धातु बन जाते हैं। आख्यात कप्पो में हमें नामधातु विषयक ये चार सूत्र प्राप्त होते हैं – (1) आय नामतो कत्तुपमानादाचारे 3.2.4, (2) ईयुपमाना च 3.2.5, (3) नामम्हात्तिच्छत्थे 3.2.6, (4) धातुरूपे नामस्मा णयो च 3.2.8 प्राप्त सूत्रों की विवेचना इस प्रकार है–

1. आय नामतो कत्तुपमानादाचारे (3.2.4) नामतो कत्तुपमाना इच्चेतस्या आचारत्थे आयप्पच्चयो होति। पब्बतायति, समुद्दायति, चिच्चिटायति, एवमञ्चेऽपि योजेतब्बा। अर्थात् आचार के अर्थ में (कर्ता के) उपमानभूत नाम से आय प्रत्यय होता है। जैसे पब्बतायति (पब्बत+आय+ति) चिच्चिटायति (चिच्चिट+आय+ति) आदि।
2. ईयुपमाना च (3.2.5) नामतो उपमाना आचारत्थे च ईयप्पच्चयो होति। अछत्तं छत्तमिव आचरयति छत्तीयति, अपुत्तं पुत्रमिव आचरयति पुत्तीयति। अर्थात् आचार के अर्थ में (कर्म के) उपमानभूत नाम से ईय प्रत्यय भी होता है। जैसे– छत्तीयति (छत्त+ईय+ति) पुत्तीयति (पुत्त+ईय+ति)।
3. नामम्हात्तिच्छत्थे (3.2.6) नामम्हा त्तनो इच्छत्थे च ईयप्पच्चयो होति। अत्तनो पत्तमिच्छति पत्तीयति; एवं वत्थीयति, परिरक्खारीयति, चीवरीयति, धनीयति, पटीयति। अर्थात् स्वकीय इच्छा के अर्थ में नाम से ईय प्रत्यय होता है। जैसे पत्तीयति (पत्त+ईय+ति)।
4. धातुरूपे नामस्मा णयो च (3.2.8) तस्मा नामस्मा णयप्पच्चयो होति कारितसञ्ञा। च धातुरूपे सति। हत्थिता अतिक्कमति भग्गं अतिहत्थयति, वीणाय उपगायति उपवीणयति, दव्हं करोति वीरियं दव्हयति, विसुद्धा होति रत्ति विसुद्धयति। अर्थात् नामों के धातु स्वभाव होने पर उनसे णय प्रत्यय होता है तथा उनकी कारित संज्ञा होती है। जैसे अतिहत्थयति (अति + हत्थि + णय + ति) आदि।

पालि व्याकरण के अध्ययन के लिए कच्चान, मोग्गल्लान और सद्दनीति ये तीनों व्याकरण परम्पराओं का ज्ञान आवश्यक है। इन परम्परा ग्रन्थों में बालबोध हेतु कच्चान परम्परा का सबसे उपयोगी और महत्वपूर्ण ग्रन्थ 'बालावतार' है, जिसे

1. पालीप्रबोध, क्रियाविभाग, पं. आद्यादत्त ठाकुर, गङ्गा पुस्तकमाला, लखनऊ, पृष्ठ 99-100

चौदहवीं शताब्दी में श्रीलंका के धर्मकीर्ति महास्थविर ने लिखा था। सबसे पहले सन् 1931 में बंगला भाषा में वंशद्वीप महास्थविर ने कच्चान और बालावतार का अनुवाद सहित प्रकाशन किया था। बालावतारस्य में सम्धिप्पकरणं, नामप्पकरणं, समासप्पकरणं, तद्धितप्पकरणं, आख्यातप्पकरणं, कितकप्पकरणं, कारकप्पकरणं नामक 7 प्रकरण हैं। बालावतार के आख्यातप्पकरणं के अन्तर्गत नामधातुपच्चया परिचय में आय नामतो कत्तूपमानादाचारे (3.2.4), ईयुपमाना च (3.2.5), नामम्हात्तिच्छत्थे (3.2.6), धातुरूपे नामस्या णयो च (3.2.8) इन सूत्रों को संदर्भित किया गया है, जिसमें श्पब्बतायति योगीश, 'पुत्तीयति सिस्सं गरु', 'पत्तीयति भिक्खु', 'दळहयति विसयं मुनि' इस प्रकार के पालि उदाहरण प्राप्त होते हैं।[1]

संस्कृतव्याकरण के सम्पूर्ण नियमों का परिपालन हमें पालि में भी बहुलतया पाँच प्रकार से मिलता है। उदाहरणार्थ–

1. 'ईय' – इच्छा करना अर्थ में। जैसे– 1. पुत्रं इच्छतीति पुत्रीयति, 2. धनं इच्छतीति धनीयती। आचरण के अर्थ में। 1. पुत्रमिवाचरतीति पुत्रीयति सिस्सं, 2. कुटियमिवाचरतीति कुटीयति पासादे।
2. 'आय' – आचरण करने के अर्थ में कर्ता के उपमान में आय प्रत्यय लगता है। जैसे– 1. पब्बतो इतायरतीति पब्बतायति, 2. अभूत तद्भाव अर्थ के बाद आय प्रत्यय लगता है– जैसे अलोहितो लोहितो भवतीति लोहितायति। सद्दायति, कलायति इत्यादि।
3. 'अस्स' – नमस्कार करने के अर्थ में अस्स प्रत्यय लगता है – जैसे नमस्सति।
4. 'इ' – नामधातुओं में इ प्रत्यय लगता है जैसे हत्थिना अतिक्कमतीति अति हत्थयति, कुसलं पुच्छतीति कुसलयति।
5. 'आपि' – सच्च आदि शब्दों के बाद आपि प्रत्यय लगता है। जैसे – सुखापेति, सुखापयति, सच्चपेति, सच्चापयति।

पाली भाषा में नामधातुओं के कुछ उदाहरण इस प्रकार देखे जा सकते हैं – कि सद्दायति? यं धूमायति तमेव सद्दायति। अथ खो सो पायासो उदके पक्खित्तो चिच्चिटायति, चिटिचिटायति, सन्धूपायति सम्पधूपायति। को समत्थो पब्बतायित्वा समुद्दायितुं, समुदायित्वा पब्बतायित्वा समुद्दायितुं, समुद्दायित्वा पब्बतायितुं च? महामोग्गल्लानो ति। सो अन्तेवासिनो पुत्तीयति। अन्तेवासिनोपि पुत्तायन्त। भिक्खु चीवरीयति, पत्तीयति, न खो धनीयति। सो मं कुसल-यित्वा अतिहत्थयितुं पक्कामि। पब्बतायति। समुद्दायति। धूमायति। दारका पुत्तायन्ति। पुत्तायन्ते दारके अज्झापको पुत्तीयति। पत्तीयन्तानं च वत्थीयन्तानं च भिक्खूनं। चीवरीयमानानं भिक्खुनीनं। पुथुज्जनो वेरायति, थेनेति, सद्दायति, कलहायति। चित्रयति।

1. बालावतारः, पृष्ठ 136 – 138

कुछ अन्य सुबन्तों से पालि भाषा में प्राप्त नामधातु उदाहरण इस प्रकार हैं– चिर शब्द से चिरायति/चिरायते[1], दन्ध् धातु से दन्धायति[2], मत्सर शब्द से मच्छरायति[3], सुख शुब्द से सुखायति/सुखायते[4], कुकुच्य शब्द से कुक्कुच्चायति[5], रहस् शब्द से रदायति[6], शब्द से सद्दायति[7], प्रिय से पिपायत्ति[8], मह से महायति[9], वेरायति[10], सद्दायति[11] = शब्दायते, सारज्ज से सारज्जायति[12] पब्बत से पब्बतायति[13], समुद्द से समुद्दायति[14], हर् से हरायति[15] (लज्जित होता है), मम से ममायति[16] = ममायते, किणकिणायति[17], गर्गर से गग्गरायति[18], गळगळायति[19], घुरु से घुरायति[20] = घुर्घुरायते,चिच्चिटायति अथवा चिटिचिटायति, तटतटायति[21], तिन्तिणायति[22], दद्दभायति[23], धमधमायति[24], फुसायति[25], पचलायति[26] (नींद में सिर हिलाता है), ओचिनायति[27], पतायन्ति[28], संकसायति[29],

1. जातक टीका 1.426, 3.498, 6.521
2. जातक टीका 3.141
3. जातक टीका 3.158, 6.334
4. जातक टीका 2.31
5. विनय पिटक 1.191, जातक टीका 2.15
6. मज्झिम निकाय 2.119
7. जातक टीका 3.288
8. थेरीगाथा 285, जातक टीका /जातकत्थवण्णना 2. 27, 133
9. जातक 4.236
10. दीपवंस 15.67
11. उदान 61, मिलिन्दपञ्ह 258, 259, जातक टीका /जातकत्थवण्णना 3. 288
12. संयुत्तनिकाय 3.92
13. कच्चायन व्याकरण 3.2.4
14. कच्चायन व्याकरण 3. 2. 24
15. विनयपिटक 1. 87, 88, दीघनिकाय 1. 213
16. थेरगाथा 1150, घम्मपदटीका/ घम्मपदट्ठकथा 1. 11, महावंस 20.4
17. जातक 3.315
18. मिलिन्दपञ्ह 3
19. थेरगाथा 189, दीघनिकाय 2.131, संयुत्तनिकाय 1. 106
20. जातक टीका /जातकत्थवण्णना 3.538
21. जातक टीका /जातकत्थवण्णना 1. 347, विमानवत्थु टीका 121
22. जातक टीका /जातकत्थवण्णना 1. 244, 3.225
23. जातक 3.77
24. मिलिन्दपञ्ह 117
25. संयुत्तनिकाय 1. 104, 106
26. थेरगाथा 200, जातक टीका /जातकत्थवण्णना 1. 381
27. जातक 6. 4
28. जातक 3. 283
29. संयुत्तनिकाय 1. 202, अंगुत्तर निकाय 1.69

संकासायति[1], गोपयति/गोपेति[2] = गोपयति/ते, जटा से विजटेति[3], तीरेति[4] = तीरयति, थेनेति[5] = स्तेनयति, थोमेति[6] = स्तोमयति, पत्थेयति/पत्थेति[7] = प्रार्थयते, पिण्डेति[8] = पिण्डयति, पिहयति/पिहेति[9] = स्पृहयति, बलेति[10] = बलयति, भुसेति[11] (भुर्स करोति), मग्ग से मग्गयति[12] = मार्गयते, मन्तयति/मन्तेति[13] = मन्त्रयति, आमन्तेति[14] = आमन्त्रयति, यन्तेनि[15] = यन्त्रयति, संगामेति[16], समोधान से समोधानेति[17] = समवघानयति, सुबेति[18] = सुखयति, उस्सुक्कापेति[19], उस्सुक से उस्सुक्कति[20] = औत्सुक्यम्, पुञ्ज से ओपुञ्जापेति[21] = पुञ्जयति, आमन्तापेति[22], दुक्खापेति[23], अत्रिच्छा से अत्रिच्छति[24], उसूया से उसूयति/ उसुय्यति = असूयति, उस्सुका से उस्सुक्कति[25], पञ्ह से परिपञ्हति[26], विज्जोतलति[27], सज्झाय/स्वाध्याय से सज्झायति[28], सज्झापयति, सज्झापेति[29], सज्झायापेति[30], दन्धति[31],

1. संयुत्तनिकाय 2. 277
